आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594
वर्ष-11 । अंक 147 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक
# अदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित
इंदौर, रविवार, 01 जून, 2025



# इंदौर में अब मैट्रो दौर

मेट्रो में पहले दिन महिलाओं ने सफर किया।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 6 बजे इंदौर पहुंचेंगे। वे यहां मेट्रो का संचालन देखेंगे। मेट्रो देवी अहिल्याबाई होल्कर टर्मिनल से 12.09 बजे पर निकली। 11 मिनट का सफर कर 12.20 बजे वीरांगना झलकारी बाई स्टेशन पहुंची। ये आखिरी स्टेशन है। दो मिनट के स्टॉपेज के बाद मेट्रो यहां से 12.22 बजे रवाना हुई और 12.34 बजे टर्मिनल पर लौटी। इंदौर मेट्रो के टर्मिनल का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा सभी स्टेशनों के नाम भी वीरांगनाओं के नाम पर रखे गए हैं, जिनमें - मेट्रो महारानी लक्ष्मीबाई स्टेशन, रानी अवंती बाई लोधी स्टेशन, रानी दुर्गावती स्टेशन और वीरांगना झलकारी बाई स्टेशन शामिल हैं। 6 किलोमीटर का यह यलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है, जो शहर में प्रदूषण को कम करेगा।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

संवाददाता ● भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। समाज में बड़ा परिवर्तन लाने वाली लोकमाता देवी अहिल्या को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन 'जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता द्वारा दिया ऋण है- जिसे हमें चुकाना है' का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है, 'नागरिक देवो भवः' वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती, सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भागीरथी प्रयासों में अपना योगदान देने का अवसर है।

देवी अहिल्याबाई का मानना था कि 'जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है', उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं- बहने -बेटियां हैं। देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं और इनमें से अधिकतर घर माता -बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें, इस उद्देश्य से बिजली, उज्जवला गैस भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधाएं माता बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## देवी अहिल्याबाई पर केन्द्रित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही देवी अहिल्या पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने हथकरघा- हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विभिन्न धार्मिक लोक के विकास सहित राज्य के अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया।



## आज बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज बेटियां डॉक्टर, इंजीनियर और साइंटिस्ट बन रही हैं। गांव-गांव में बैंक सखियां बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। एक समय था, जब महिलाओं को नई तकनीक से दूर रखा जाता था लेकिन आज गांव की बहनें ड्रोन दीदी बनकर खेती में मदद कर रही हैं। गांव में उनकी अलग पहचान बन रही हैं। पहले महिलाएं अपनी बीमारियां छिपाती थी, क्योंकि परिवार पर इलाज का बोझ न पड़े लेकिन अब महिलाएं आयुष्मान योजना में 5 लाख तक का नि:शुल्क इलाज करा सकती हैं। गत 11 साल में हमारी केन्द्र और राज्य की सरकारों ने महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त किया है। हमारी सरकार ने 30 करोड़ जनधन खाते खुलवाए हैं, जिनमें उन्हें पैसे भेजे जा रहे हैं। बहनें आर्थिक रुप से मजबूत हो रही हैं। मुद्रा योजना का लाभ लेने वाली ज्यादातर महिला उद्यमी हैं। देशभर में 10 करोड़ बहनें स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं और कमाई कर रही हैं। सरकार ने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। नमो ड्रोन योजना के अंतर्गत अब तक 1.5 करोड़ बहने लखपति बन चुकी हैं। देश में साइंस और मैथ्स पढ़ने वाली बेटियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चंद्रयान 3 मिशन में 100 से अधिक महिला वैज्ञानिक शामिल थीं। देश में स्टार्टअप की संख्या बढ़ रही है, इनमें 45 प्रतिशत नेतृत्व महिलाओं के पास है। हमारी सरकार में पहली बार पूर्णकालिक महिला रक्षा और वित्त मंत्री बनीं। इस बार 75 सांसद महिलाएं हैं, पंचायतों में भी महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ रही है। सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पीछे भी यही भावना है। अब संसद और विधानसभाओं में भी महिला आरक्षण दे दिया गया है। भारत सरकार बहनों को हर क्षेत्र में सशक्त कर रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकिट और सिक्का जारी किया



## दतिया व सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंदौर मेट्रो की शुरुआत और दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से मध्यप्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसरों का इससे सृजन भी होगा। मध्यप्रदेश में अनेक विकास के कार्य हो रहे हैं। भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को अब मेट्रो की पहचान मिली है। केंद्र सरकार ने मालवा क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए रेल लाइनों के विकास को मंजूरी दी है। दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से अब मां पीतांबरा और मां शारदा देवी के दर्शन और सुलभ हो जाएंगे। बुंदेलखंड और बघेलखंड की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आज भारत को अहिल्याबाई की प्रेरणा से अपना परिश्रम और सामर्थ्य बढ़ाना है। रानी कमलापति, रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, रानी चेनम्मा जैसे नाम हमें गौरव से भर देते हैं। हमें भारत की नींव मजबूत करनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने अपने कार्यकाल में विकास के साथ विरासत को सहेजा था। आज का भारत भी इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

## ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बना

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति का देश है, सिंदूर हमारी परंपरा है। यह हनुमान जी को चढ़ता है और बहनों के लिए सम्मान का प्रतीक है। यही सिंदूर अब भारत के शौर्य का प्रतीक बना है। पहलगाम में आतंकियों ने भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, हमारी संस्कृति पर प्रहार किया है। उन्होंने भारत को बांटने की कोशिश की। आतंकियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी, लेकिन यह शक्ति उनके लिए काल बन गई। ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं हुआ है, यह आतंकियों के खिलाफ सबसे सफल ऑपरेशन है। जहां तक पाकिस्तानी सेना ने सोचा नहीं था, भारतीय सेना ने कई सौ किलोमीटर अंदर धुसकर उन्हें मारा है। अब जो आतंकियों की मदद करेगा, उसे भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत का हर नागरिक कह रहा है कि अगर तुम गोली चलाओगे तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर हमारी नारी शक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक बना है।

## बीएसएफ का इस ऑपरेशन में बड़ा रोल

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीएसएफ का इस ऑपरेशन में बड़ा रोल रहा है। बीएसएफ की बेटियां सीमा से मोर्चा संभाल रही थीं। उन्होंने दुश्मनों की कई पोस्ट ध्वस्त कर अद्भुत शौर्य दिखाया है। आज दुनिया राष्ट्र रक्षा में भारत की बेटियों का शौर्य देख रही है। भारत सरकार ने पहली बार सैनिक स्कूलों के दरवाजे बेटियों के लिए खोले हैं। वर्ष 2014 से पहले एनसीसी में सिर्फ 25 प्रतिशत बेटियां कैडेट्स होती थीं। हमारी सरकार ने इसे 50 प्रतिशत किया है। उन्होंने बताया कि कल ही एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ है। अब बेटियां मोर्चे पर तैनात हो रही हैं। बेटियां युद्धपोत संभालने से लेकर लड़ाकू विमान तक उड़ा रही हैं। नेवी की दो वीर बेटियों ने 250 दिनों में नाव से धरती का चक्कर लगाया है।



## देवीअहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवीअहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी का राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के जरी जरदोजी से बना चित्र भेंट कर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पगड़ी पहना कर तथा बैतूल जिले के भरेवा शिल्प से निर्मित पुष्पक विमान भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की प्रतीक प्रदेश की चार महिलाओं ने भी स्वागत किया। इस क्रम में जबलपुर में कैंसर रोगियों की देखरेख को समर्पित सुज्ञानेश्वरी देवी, पहली भारतीय कैनोइस्ट और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुप्राची यादव ,ग्राम स्तर पर स्वच्छता और विकास कार्यों को समर्पित ग्राम तिरला-जिला धार की सरपंच श्रीमती आरती पटेल और महेश्वरी साड़ी निर्माण में लगी नागेश्वरी स्वयं सहायता समूह महेश्वर की सुमीनाक्षी ठाकले ने स्वागत अभिवादन किया।



## देवी अहिल्या राष्ट्रीय सम्मान से डॉ. जयमती कश्यप सम्मानित

प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार डॉ. जयमती कश्यप को देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रुपये का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण तथा इंदौर मेट्रो का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश में 1271 नए अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण के लिए प्रथम किस्त के अंतर्गत 483 करोड़ रुपए का वर्चुअल अंतरण भी किया।

## देवी अहिल्याबाई ने उद्योग, खेती और जल संरक्षण को बढ़ावा दिया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें गरीबों और वंचितों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने उद्योग, खेती और जल संरक्षण को बढ़ावा दिया। वर्तमान में कैच द रैन के माध्यम से बारिश की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास हो रहा है। देवी अहिल्याबाई ने 250-300 साल पहले हमें जल संरक्षण का रास्ता दिखाया था। उन्होंने किसानों को कपास की खेती के लिए प्रेरित किया। देवी अहिल्या ने किसानों को धान और गेंहू की खेती के अतिरिक्त फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन दिया। देवी अहिल्या ने महेश्वरी साड़ी के लिए नए उद्योग लगाए। वे हुनर की पारखी थीं, जूनागढ़ (गुजरात) से कुछ बुनकर परिवारों को महेश्वर लाकर साड़ी उद्योग को बढ़ावा दिया। आज महेश्वरी साड़ी देश की महिलाओं की पसंद बन चुकी है। देवी अहिल्याबाई ने समाज सुधार की दिशा में कार्य किए। वे हमेशा मातृशक्ति के विकास के बारे में सोचती थीं। उन्होंने बाल विवाह को रोकने के लिए कदम उठाए। उन्होंने समाज सुधारकों को भरपूर समर्थन दिया। मालवा की सेना में महिलाओं की एक टुकड़ी बनाई। मां अहिल्या के कार्यकाल में महिलाओं की ग्राम सुरक्षा टोलियां बनाई गई थीं। पश्चिम के लोग हमें माताओं-बहनों के नाम पर नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं, लेकिन देवी अहिल्याबाई की सोच और कार्य महिला सशक्तिकरण को समर्पित थे। वे राष्ट्र निर्माण के लिए परिवर्तन लाने वाली शासक थीं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।

### महिला पुलिसकर्मियों ने बाइक रैली से 'सशक्त नारी-सशक्त समाज' निर्माण का दिया संदेश

# महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागृति के लिए पुलिस की वाहन रैली

**संवाददाता ● इंदौर**




लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में, मध्यप्रदेश में जनकल्याणी पर्व मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुक्रम में, महिला और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम व उनकी सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए आयोजन किए गए। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने एक विशेष कार्यशाला और जन जागरूकता बाइक रैली निकाली।

**पहल**

महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी तथा उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन पुलिस आयुक्त नगरीय संतोष कुमार सिंह मुख्य आतिथ्य में किया गया। इसमें अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय प्रकाश परिहार, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सीमा अलावा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महिला अपराध संध्या राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल मनीषा पाठक सोनी, विशेष लोक अभियोजन अधिकारी प्रीति अग्रवाल व अन्य पुलिस अधिकारियों सहित, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, संस्था आस से जुड़ी बालिकाएं, पुलिस के सृजन कार्यक्रम से जुड़ी बालिकाएं एवं इंदौर पुलिस की महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर पर आधारित एक डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन करके किया गया। इस कार्यशाला में एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह और मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारियों ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के आदर्श जीवन व उनके शासनकाल की महत्वपूर्ण बातें बताई। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों व प्रावधानों से परिचय करवाते हुए निडर व सशक्त बन अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया और किसी भी अपराध व गलत बात को सहन नहीं कर अपने परिजन और पुलिस को बताने के बारे में बताया गया। जागरुकता रैली की शहर के सभी लोगों ने सराहना की और स्वागत किया।

### महिला अपराधों के प्रति करें जागरुक

पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सभी से कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर नारी सशक्तिकरण की सजीव प्रतिमूर्ति थीं। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आप सबको भी सशक्त समाज के निर्माण में महती भूमिका निभानी है। उन्होंनें बालिकाओं को निर्भिक व निडर होकर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं महिला पुलिसकर्मियों को कहा कि आप समाज में सशक्त नारी के रुप में आदर्श प्रस्तुत कर अपने आसपास सभी को जागरुक करें। साथ ही उन्होंने इंदौर पुलिस द्वारा इस दिशा में चलाये जा रहे सृजन कार्यक्रम की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों व उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुकता के लिए बनाएं गए पम्पलेट्स का अनावरण भी किया गया, जिन्हें विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व कार्यक्रमों में महिलाओं को वितरित कर, उन्हें जागरुक किया जाएगा। इस अवसर पर महिलाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा और जागरुकता की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की एक वाहन रैली भी आयोजित की गई। इसे पुलिस कमिश्नर द्वारा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी देकर रवाना किया गया। उक्त रैली पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया से प्रारंभ होकर रीगल तिराहा, कृष्णापुरा क्षत्रियों से राजबाड़ा से एमजी रोड़, 56 दुकान आदि मार्गो से होते हुए पुनः पुलिस आयुक्त कार्यालय पलासिया पर समाप्त हुई। रैली के दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार, सुरक्षा उपायों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी पोस्टर्स एवं पम्पलेट्स के माध्यम से दी गई। रैली के माध्यम से सभी को सशक्त नारी सशक्त समाज का संदेश भी दिया गया।

## शॉट न्यूज

### शूटिंग एकेडमी के नाम पर ठगे 7 लाख रुपए

**इंदौर।** लव जिहाद में फंसे मोहसिन खान की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। उसके खिलाफ महिला ने पैसे ऐंठने की शिकायत दर्ज कराई है। यह आरोपी के खिलाफ सातवीं शिकायत है। अन्नपूर्णा पुलिस को फरियादी मीना उमरे निवासी महालक्ष्मी नगर थाना लसूड़िया ने बताया कि वह 2020 में मोहसिन की शूटिंग एकेडमी में बतौर रिशेस्पनिस्ट काम करती थी। एक दिन मोहसिन ने मुझसे कहा कि रिशेस्पनिष्ट से ज्यादा कमाई नहीं होती है। 7 लाख रुपए में शूटिंग एकेडमी खुलवा दूंगा। उसकी बातों में आकर मैंने बमुश्किल सात लाख रुपए एकत्रित कर मोहसिन को दिए। जब काफी दिनों तक मोहसिन ने शूटिंग एकेडमी को लेकर महिला को बरगलाता रहा। मोहसिन ने एकेडमी नहीं खुलवाई तो महिला ने पैसे वापस मांग लिए। पैसे मांगने पर मोहसिन ने महिला के साथ गाली गलौच की थी।

### चेन्नई से इंदौर आ रही महिला लापता

**इंदौर।** चेन्नई से इंदौर आ रही महिला बैतूल से लापता हो गई। लापता होने से कुछ देर पहले उसने परिजनों से बात की थी। जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजन ने कॉल किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। महिला का इंदौर में मायका है। पुलिस बैतूल रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की मदद से महिला की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, महिला चांदनी 28 मई की सुबह चेन्नई से ट्रेन से इंदौर के लिए निकली थी। 29 मई की सुबह उसने परिवार से बैतूल पहुंचने की सूचना दी और कहा कि दोपहर 2 बजे के ट्रेन इंदौर पहुंचेगी, लेकिन दोपहर 3 बजे तक वह घर नहीं पहुंची और मोबाइल भी स्विच ऑफ था। इससे परिवार को चिंता हुई और उन्होंने पति नितिन बडोले से संपर्क किया, लेकिन नितिन ने भी चांदनी से बात न होने की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चांदनी की शादी दो साल पहले चेन्नई में हुई थी।

### गैस टंकियां चोरी और खरीदने वाले चार पकड़ाए

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने गैस की टंकियां चोरी करने और खरीदने वालों को पकड़ा है। उनके पास से 12 गैस टंकियां बरामद की है। आरोपी मध्यमवर्गीय और मजदूर लोगों के घरों को टारगेट करते थे। पुलिस आरोपियों से और भी पूछताछ कर रही है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक इलाके में गैस टंकियां चोरी होने का वारदात बढ़ती जा रही थी। तीन अलग-अलग क्षेत्रों में सुने मकानों से गैस टंकियां चोरी की घटना हुई थी। मुखबीर की सूचना पर आजाद नगर पुलिस ने दो बदमाशों को पकड़ा। उन्होंने अपने नाम साहिल पिता अश्विन और रवि पिता पप्पू गहलोत बताया। उनसे सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने 12 जगह से घर में घुसकर गैस की टंकियां चोरी करने की वारदात करना बताया। दोनों आरोपियों ने ये गैस टंकियां रोहित पिता जगदीश और ऋषभ पिता शेरू सेन को बेचना बताया।

## प्रेम कहानी का दर्दनाक अंत प्रेमी युगल ने खाया जहर दोनों की मौत, शादी को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

**संवाददाता ● इंदौर**

राजेन्द्र नगर क्षेत्र में एक प्रेमी युगल की प्रेम कहानी दर्दनाक मोड़ पर खत्म हो गई। युवक कपिल (25) और युवती आयुषी (20) ने कथित रूप से जहर खा लिया। दोनों को तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान आयुषी की मौत हो गई और थोड़ी देर बाद कपिल ने भी दम तोड़ दिया। कपिल के भाई राहुल का दावा है कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन आयुषी के परिवार ने इस रिश्ते का विरोध किया और 3 लाख रुपए की मांग की थी। वहीं, आयुषी के परिजनों ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि कपिल ने जबरन आयुषी को ऑटो में बैठाया और अपहरण कर लिया था। उनका आरोप है कि कपिल ने ही उसे जबरदस्ती जहर पिलाया। अस्पताल में दोनों परिवारों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिसे स्टाफ ने संभाला। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। भंवरकुआ थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोनों परिवारों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच असल वजह जानने की कोशिश जारी है।

### सुबह-सुबह सुहावना हो गया मौसम...



गर्मी का मौसम चल रहा है और प्रकृति कई बार रंग बदल रही है। ऐसे में आज सुबह आसमान साफ रहा और बादलों ने अनोखा दृश्य बनाया।

## सीए के घर एक करोड़ की चोरी में भरोसेमंद कर्मचारी ने की

**इंदौर।** शहर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर के जाने-माने सीए के सालों से भरोसेमंद कर्मचारी ने घर में रखे पूरे एक करोड़ रुपए नकद उड़ा दिए और रफूचक्कर हो गया। इतना बड़ा कांड होने के बाद भी सीए भारत कालानी इस मामले की पुलिस से शिकायत करने से बचते रहे।

जानकारी के अनुसार मामले को लेकर कालानी ने तुरंत अपने राजनीतिक संपर्कों का इस्तेमाल किया और सीधे पुलिस के आला अधिकारी से मिलने पहुंचे। उच्चाधिकारियों से फोन आते ही इंदौर पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। कर्मचारी के नंबर सर्विलांस पर डाले गए और पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही उसे दबोच लिया। खबर है कि कर्मचारी के पास से पूरे एक करोड़ रुपए नहीं, बल्कि करीब 75-80 लाख रुपए ही बरामद हुए। बाकी की रकम उसने अपने कुछ पुराने कर्जे चुकाने में खर्च कर दी थी। बताया जा रहा है कि यह भारी-भरकम राशि सीए कालानी ने हाल ही में कोई प्रॉपर्टी बेचकर जमा की थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने सीए कालानी से एफआईआर दर्ज कराने को कहा, लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया। दरअसल, अगर औपचारिक रिपोर्ट दर्ज होती, तो यह करोड़ों की रिकवरी पुलिस रिकॉर्ड में आ जाती। दस लाख रुपए से अधिक के कैश का मामला होने पर, इसकी जानकारी आयकर विभाग तक भी पहुंच जाती। इसलिए, कालानी ने पुलिस से कहा कि उन्हें उनकी राशि मिल गई है और अब उन्हें कोई रिपोर्ट नहीं करानी। इन सबके बीच पुलिस भी असामंजस्य में आ गई कि अब पकड़े गए कर्मचारी का क्या करें? बिना रिपोर्ट के तो पुलिस कुछ भी नहीं कर सकती।

### देवी अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर

## भाजपा जिला इकाई ने किया संगोष्ठी का आयोजन



**संवाददाता ● इंदौर**

भाजपा जिला इंदौर द्वारा पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के अवसर पर सांवेर के ग्राम ढाबली में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश सरकार के मंत्री तुलसीराम सिलावट, विहिप के वरिष्ठ नेता हुकुमचंद सांवला, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, अशोक यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी मौजूद रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विहिप नेता हुकुमचंद सांवला ने कहा जनता ने कि अहिल्या माता को अनेकों उपाधियों से नवाजा है, उन्हें पुण्य श्लोक, मातु श्री, लोकमाता और दुनिया में जितनी भी रानी हुई उनके आगे देवी शब्द नहीं लगता, लेकिन मैं गौरव के साथ कहता हूं कि अहिल्या माता के आगे देवी शब्द लगता है। उन्हें पुण्य श्लोक क्यों कहते थे, इसलिए कहते थे, क्योंकि भगवत गीता के श्लोकों की तरह पुण्य मानते थे। इसलिए पुण्य श्लोक कहा जाता था। लोक माता क्यों कहते थे, क्योंकि वह प्रत्येक व्यक्ति को अपने पुत्र की भांति प्रेम और स्नेह करती थी, प्रजा का पुत्रवत ध्यान रखती थीं, इसलिए लोग उन्हें लोकमाता के नाम से पुकारते थे। वर्तमान में जितनी समस्या है, उन्होंने इसका समाधान उस समय किया था, इसलिए उन्हें युगदृष्टा भी कहा जाता है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन प्रजा की खुशहाली के लिए समर्पित कर दिया इसलिए उन्हें मातुश्री भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि अहिल्या माता ने हमारे सामने अनेकों आदर्श स्थापित किए है, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्होंने कई कार्य किए, उन आदर्शो पर चलकर समाज की सेवा कर समाज और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के प्रयास करें, यही मां अहिल्या को सच्चे अर्थों में पुष्पांजलि होगी।

**आयोजन**

भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि अहिल्या माता के संपूर्ण जीवन का अध्ययन करें तो उन्होंने अनेकों कष्ट झेले लेकिन कभी भी प्रजा के हितों से समझौता नहीं किया। प्रजा के सुख को अपना सुख मानकर कार्य किया। अपने राज्य की प्रजा ही नहीं अपितु देशभर में नागरिकों के हित के लिए अनेकों कार्य किए। उस दौर में अनेक कुरीतियों का सामना करते हुए उन्होंने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रशंसनीय कार्य किया। वरिष्ठ नेता अशोक यादव ने कहा कि अहिल्या माता ने धर्म, न्याय, विकास कार्य, हर हाथ को काम, महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक अभ्युदय का कार्य किया था, आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर धर्म, सांस्कृतिक अभ्युदय, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास जैसे अनेक कार्य कर रही है। संगोष्ठी में इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, मंडल अध्यक्ष रवि वाजपेयी, मुकेश पटेल, अजय सिंह पंवार, राजू दरबार, किरण चौहान, नवनीत सोलंकी, डॉ. संध्या चौकसे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

### समाज निर्माण का सक्रिय माध्यम है पत्रकारिता : कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी

## एमसीयू में विकल्प एवं वीडियो मैगजीन 'स्पंदन' का विमोचन

**संवाददाता ● भोपाल**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर केंद्रित विकल्प पत्रिका एवं विभाग की पहली वीडियो मैगजीन 'स्पंदन' का विमोचन कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता अब सिर्फ खबरों तक सीमित नहीं रही, यह समाज निर्माण का एक सक्रिय माध्यम बन चुकी है। विद्यार्थियों को तकनीक, दृष्टिकोण और संवेदना इन तीनों का संतुलन साधना होगा। विभागाध्यक्ष डॉ. राखी तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि, पत्रकारिता के विद्यार्थियों को भाषा पर पकड़ मजबूत करनी चाहिए और अधिक से अधिक साहित्य का अध्ययन करना चाहिए।

**आयोजन**

चर्चा और संवाद के माध्यम से ही पत्रकारिता के जटिल पहलुओं को समझा जा सकता है। पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारिता में प्रवेश करने के लिए तैयार नई पीढ़ी वर्तमान चुनौतियों से वाकिफ है और उनसे निपटने के लिए खुद को तैयार कर रही है। वह मानती है कि विश्वसनीयता के संकट और सत्य को बिना लाग-लपेट उद्घाटित करने के जोखिम से जूझने से ही पत्रकारिता अपने उद्देश्य को पूरा कर सकेगी। हिंदी के प्रति रुझान वैश्विक स्तर पर हिंदी पत्रकारिता को प्रतिष्ठित करने में सहायक हो सकता है।

पत्रकारिता विभाग में संपन्न इस आयोजन के वक्ता विद्यार्थी ही थे जिन्होंने पत्रकारिता के संकट, चुनौतियों और संभावनाओं पर खुलकर विचार रखे। विद्यार्थी वक्ताओं का मार्गदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. तिवारी और प्रो. शिवकुमार विवेक ने किया। उल्लेखनीय है कि समाचार पत्र विकल्प विद्यार्थियों द्वारा ही संयोजित व संपादित किया जाता है। विशेषांक वरिष्ठ पत्रकारों से हिंदी पत्रकारिता की दशा व दिशा पर साक्षात्कारों के साथ देश के प्रमुख हिंदी समाचार पत्रों के विकास की कहानियों पर केन्द्रित है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के विचार-विमर्श से हुई, जिसमें सृष्टि कुमारी ने कहा कि हमें हिंदी पत्रकारिता को केवल इतिहास की जानकारी देने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उसे बौद्धिकता के धरातल पर मजबूत बनाना होगा। सीखने की ललक ही हमें एक बेहतर पत्रकार बना सकती है। वहीं अभिराज मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता में सच्चाई सबसे अहम है। जब हमारे हाथों में कलम है तो वह बदलाव का सबसे बड़ा औजार बन सकती है। शिव भूषण त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी ने अब अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया है। यह एक ऐसी भाषा है जिसे आसानी से समझा जा सकता है और इसी सरलता में इसकी ताकत छिपी है। उद्यांश पांडेय व कार्तिकेय पांडेय ने भी अपने विचार रखे। विकल्प के संपादक नमन अटोलिया ने संचालन किया।

## उत्कृष्ट और मॉडल स्कूलों में बिना एंट्रेंस एग्जाम के भी होगा एडमिशन

**संवाददाता ● इंदौर**

सरकारी स्कूलों में दाखिले को लेकर बदलाव किया गया है। यह बदलाव जिला उत्कृष्ट (एक्सीलेंस) और मॉडल स्कूलों में खाली पड़ी सीटों को भरने के लिए किया गया है। इसके तहत अब एंट्रेंस एग्जाम (प्रवेश परीक्षा) पास करने वालों के एडमिशन के बाद भी यदि सीटें रिक्त रहती है तो सीधे दाखिला दिया जाएगा।हालांकि, इसके लिए पहले आवेदन करना अनिवार्य होगा।क्लास 6 से क्लास 8 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो 31 मई तक चलेगी।

लोक शिक्षण संचालनालय के अनुसार पहले एंट्रेंस एग्जाम के बाद भी सीटें खाली रह जाती थीं। उन पर किसी को मौका नहीं मिल पाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। एक बार आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 2 जून तक मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी, जिसे 9 जून को जारी किया जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो हो गई है जो 14 जून तक चलेगी। प्रदेश के मॉडल स्कूलों में 6ठीं से 12वीं तक के लिए नए दाखिला नियम लागू किए गए हैं। 9वीं में सबसे पहले उन छात्रों को प्रवेश मिलेगा जो ओपन स्कूल की प्रवेश परीक्षा से चयनित हुए हैं। यदि इसके बाद सीटें खाली रहती हैं, तो वेटिंग लिस्ट में शामिल छात्रों को बुलाया जाएगा। 10वीं, 11वीं और 12वीं में उन्हीं छात्रों को प्रवेश मिलेगा, जिन्होंने उसी मॉडल स्कूल से पिछली कक्षा उत्तीर्ण की हो। जैसे जो छात्र 9वीं में उस स्कूल में थे और पास हुए हैं, उन्हें 10वीं में सीधे दाखिला मिलेगा। यदि ऊपर बताए गए सभी विकल्पों के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं, तो स्कूल अपने स्तर पर विज्ञापन जारी करेंगे। उसमें यह बताया जाएगा कि किस कक्षा में कितनी सीटें रिक्त हैं।

### पांच दिन में रिपोर्ट सौंपने के निगमायुक्त ने दिए आदेश

## आईटी शाखा में आग की पड़ताल करेगी कमेटी

**संवाददाता ● इंदौर**

नगर निगम मुख्यालय की आईटी शाखा में हुए अग्निकांड की जांच अब कमेटी करेगी। इस कमेटी की अध्यक्षता अपर आयुक्त नरेंद्रनाथ पांडे करेंगे। जांच कमेटी में तीन अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है। कमेटी अग्निकांड के विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल के बाद अपनी रिपोर्ट निगमायुक्त शिवम वर्मा को सौंपेगी। इस संबंध में निगमायुक्त वर्मा ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार जांच कमेटी को 5 दिन में संपूर्ण मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपनी है।

**आदेश**

जानकारी अनुसार निगमायुक्त शिवम वर्मा ने आईटी शाखा की अग्निकांड की घटना को प्रमुखता से लिया है। इसमें हुए नुकसान और नष्ट हुए डाटा के संबंध में जांच कमेटी गठित की है। जांच कमेटी का अध्यक्ष अपर आयुक्त नरेंद्रनाथ पांडे को बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आईटी शाखा में लगी आग के विभिन्न बिंदुओं पर और कर्म पर कमेटी विभिन्न पक्षों पर जांच करें और 5 दिन में इसकी रिपोर्ट निगमायुक्त को सौंप दें। जांच कमेटी में आईटी शाखा के उपायुक्त प्रदीप कुमार जैन, नगर निगम की विद्युत शाखा के सिटी इंजीनियर और निगम के झोन 3 के झोनल अधिकारी को भी शामिल किया गया है। इसके पूर्व ही निगमायुक्त वर्मा आईटी शाखा पहुंचे और आग से हुए नुकसान की जानकारी ली।




### आईटी प्रभारी राजेश उदावत ने भी किया औचक निरीक्षण

आईटी शाखा (सूचना प्रौद्योगिकी विभाग) के सर्वर रुम में अग्निकांड की घटना का निरीक्षण विभाग प्रभारी राजेश उदावत द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर भी उपस्थित रहे। उदावत ने घटना की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना की विस्तृत जांच करे, उन्होंने कहा कि सर्वर रुम एक अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कक्ष है, जहां इस प्रकार की घटनाएं अत्यधिक नुकसानदायक हो सकती हैं। प्रभारी ने यह भी निर्देश दिए कि आगजनी से हुए नुकसान का सटीक आंकलन किया जाए तथा यदि कोई डेटा नष्ट हुआ हो तो उसकी रिकवरी की प्रक्रिया तुरंत प्रारंभ की जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 01 जून, 2025
www.adityabharat.com





## इंदौर बना मप्र का पहला मेट्रो शहर आज से हम भी मेट्रो वाले, इंदौर में दौड़ी मेट्रो...

# देवी अहिल्या नगरी मेट्रो के साथ नए दौर में

संवाददाता ● इंदौर

### पीएम नरेंद्र मोदी भोपाल से दिखाई वर्चुअल हरी झंडी, टिकट पर मिलेगी छूट





लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती से आज से इंदौर में मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी, इसके लिए ट्रायल रन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और अन्य शामिल हुए।

इंदौर में आज से मेट्रो का शुभारंभ हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर इसकी शुरुआत की। यह आयोजन इंदौर में गांधीनगर स्थित मेट्रो स्टेशन पर हुआ। इसके लिए गांधी नगर मेट्रो स्टेशन को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। एंट्री गेट को भी कलरफुल बनाया गया है। स्टेशन के हर तरफ फूल नजर आ रहे हैं।

इंदौर मेट्रो रेल का लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा यलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है, जिसमें पांच स्टेशन- गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा। पहले सप्ताह में मेट्रो में फ्री में सफर कर सकेंगे। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आज इंदौर में मेट्रो ट्रेन दौड़ना शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल से इंदौर मेट्रो के कमर्शियल रन को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में गांधी नगर स्टेशन से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर-3 तक शहरवासी मेट्रो में सफर करेंगे।

अहिल्या की नगरी में पहली बार शुरू हो रही मेट्रो इस वजह से खास है कि इसमें पहले सफर में महिलाएं ही यात्री होंगी। शनिवार सुबह 11.50 बजे मेट्रो को हरी झंडी दिखाई जाएगी।

साथ ही इंदौर में लोक परिवहन की नए मॉडल में 'मेट्रो' का अध्याय भी जुड़ जाएगा। गांधी नगर स्टेशन पर कार्यक्रम में केंद्रीय आवास व शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद रहेंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन भी रहेंगे।

### यह रहेगा मेट्रो का शेड्यूल

सुबह 8 बजे से रात 8 बजे हर आधे घंटे में एक मेट्रो चलेगी। 30 रुपये होगा पांच स्टेशन तक किराया। पहले सप्ताह पूर्णत: नि:शुल्क, दूसरे सप्ताह किराए में 75 फीसद की छूट, तीसरे सप्ताह किराए में 50 प्रतिशत की छूट, अगस्त तक किराए में 25 फीसद की छूट।

**चालक रहित मेट्रो :** बिना ड्राइवर के भी स्वत: चल सकती है। हालांकि शुरुआत में मेट्रो में पायलट मौजूद रहेंगे।

**यात्रियों के लिए सबसे सुरक्षित :** मेट्रो की सुरक्षा का आकलन गिनीज आफ आटोमेशन (जीओए) कोड के आधार पर होता है। दिल्ली में जीओए-2 व अहमदाबाद मेट्रो जीओए-3 कोड केटेगरी की है। इंदौर की मेट्रो जीओए-4 कोड कैटेगरी है। दिल्ली के दो लाइन पर ही इस कोड कैटेगरी की मेट्रो संचालित हो रही है।

**वातानुकूलित :** कोच में मौसम के अनुरुप 24 से 26 डिग्री सेल्सियस तापमान होगा।

प्लेटफार्म पर यात्री सुरक्षा के लिए रहेगा स्क्रीन डोर, इसके खुलने पर यात्री मेट्रो में बैठ पाएंगे। सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी संभाल रहे मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा। आपातकाल में ट्रिप सिस्टम दबाते हुए रुक जाएगी मेट्रो।

### इंदौर मेट्रो का अब तक का सफर

**2011 :** तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) को इंदौर व भोपाल में मेट्रो की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए।

**2017 :** मप्र मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिली।

**2018 :** भारत सरकार की स्वीकृति मिली।

**2019 :** भारत सरकार, मप्र सरकार व एमपीएमआरसीएल के बीच समझौता हुआ।

**2021 :** निर्माण एजेंसी ने मेट्रो निर्माण कार्य शुरु किया।

**2023 :** सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर पहली बार चलाई गई मेट्रो।

**2025 :** मेट्रो चलाने के लिए सीएमआरएस से मिली क्लीन चिट।

### मंत्री विजयवर्गीय की नाराजगी पर रातोंरात बदला नाम

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार चार बजे जब मेट्रो शुभारंभ की तैयारी देखने प्लेटफार्म पर पहुंचे तो वहां पर गांधी नगर स्टेशन लिखे बोर्ड देख नाराज हुए और मेट्रो के अधिकारियों को बदलने के निर्देश दिए। देर रात तक प्लेटफार्म से गांधीनगर स्टेशन लिखे नाम पर देवी अहिल्याबाई होलकर टर्मिनल लिखे स्टीकर लगाए गए।

### 22.62 किलोमीटर एलेवेटेड और 8.7 किलोमीटर भूमिगत मेट्रो

- इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में कुल 31.32 किलोमीटर लंबाई का है। इसमें 22.62 किलोमीटर एलेवेटेड और 8.7 किलोमीटर भूमिगत मेट्रो है। शहर की यात्रा को आसान, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए मेट्रो की येलो लाइन पर कुल 28 स्टेशन होंगे।
- इंदौर मेट्रो के प्रारंभिक तौर पर जिस कॉरिडोर का उद्घाटन किया जा रहा है उसकी लागत करीब 1520 करोड़ रुपए है। पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने की 31.32 किलोमीटर के सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की लागत करीब 7 हजार 500 करोड़ रुपए है।




सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधिकारी।



मेट्रो के कोच में फोटो खिंचवाते युवतियां।



भव्य रुप से सजाया गया मेट्रो स्टेशन।



गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर तीन तक दोनों दिशाओं से मेट्रो 50 फेरे लगाएगी।





## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर महापौर ने किया माल्यार्पण

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर राजबाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर आज सुबह महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य, नगर निगम के सचेतक कमल वाघेला, पार्षद रूपाली पेंढारकर सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा भी देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके महान योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के समाज सेवा, सुशासन एवं सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति समर्पण भाव को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिए। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार और विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किए। दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाए। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया।

# अब गाजा में युद्ध का अंत चाहते हैं इजराइल के लोग

मैं इजराइल में एक सप्ताह बिताकर लौटा हूं और मैंने वहां 7 अक्टूबर 2023 के बाद पहली बार कुछ नया महसूस किया। इसे एक व्यापक युद्ध-विरोधी आंदोलन कहना तो जल्दबाजी होगी, क्योंकि वह तभी हो सकता है जब सभी इजराइली बंधकों को रिहा कर दिया जाए। लेकिन मैंने इस बात के स्पष्ट संकेत देखे कि बहुतेरे इजराइली लोग- फिर चाहे वे किसी भी विचारधारा के क्यों न हों- इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि यह युद्ध जारी रखना इजराइल के लिए एक आपदा है : नैतिक के साथ ही कूटनीतिक या रणनीतिक रूप से भी। पूर्व प्रधानमंत्री एहुद ओलमर्ट ने समाचार पत्र हारेत्ज में एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके गठबंधन की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ओलमर्ट ने कहा कि इजराइल की सरकार बिना किसी उद्देश्य, लक्ष्य या स्पष्ट योजना के और किसी सफलता की संभावना के बिना ही युद्ध लड़ रही है। उन्होंने कहा, हम गाजा में जो कर रहे हैं, वह विनाशलीला है : नागरिकों की अंधाधुंध, असीमित, क्रूर और आपराधिक हत्या। उनका निष्कर्ष था कि हां, इजराइल युद्ध-अपराध कर रहा है।

नेतन्याहू की अपनी दक्षिणपंथी पार्टी के सदस्य एमिट हलेवी जैसे लोग- जो कि युद्ध के कट्टर समर्थक रहे हैं- को लगता है कि क्रियान्वयन में गड़बड़ी हो रही है। हलेवी की विदेश मामलों और रक्षा समिति की सदस्यता नेतन्याहू के गठबंधन द्वारा निलंबित कर दी गई थी, क्योंकि उन्होंने इजराइली रिजर्विस्टों के लिए आपातकालीन कॉल-अप आदेश जारी करने की सरकार की क्षमता का विस्तार करने के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया था।

अपनी बर्खास्तगी के बाद एक अखबार को दिए साक्षात्कार में हलेवी ने कहा : यह युद्ध एक धोखा है। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के बारे में हमसे झूठ बोला है। इजराइल 20 महीनों से लड़ रहा है और वह हमास को नष्ट करने में सफल नहीं हो रहा है।

वहीं इजराइल के उदारवादी गठबंधन के नेता यायर गोलान ने इजराइल रेडियो पर दिए एक इंटरव्यू में कहा कि अगर हम एक समझदार देश की तरह व्यवहार करना नहीं सीखते हैं, तो इजराइल दक्षिण अफ्रीका की तरह एक बहिष्कृत राष्ट्र बनने की डगर पर है। एक समझदार देश नागरिकों के खिलाफ नहीं लड़ता है, बच्चों को नहीं मारता है और आबादियों को अपनी रहने की जगहों से बाहर निकालने का लक्ष्य नहीं रखता है। गोलान- जो खुद गाजा-युद्ध के नायक रह चुके हैं- ने स्पष्ट किया कि वे इजराइली सेना नहीं, उन राजनेताओं को दोष दे रहे हैं, जो युद्ध को ऐसे कारणों से बढ़ा रहे हैं, जिनका राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं। आज किसी भी स्वतंत्र विदेशी पत्रकार को गाजा से सीधे रिपोर्ट करने की अनुमति नहीं दी जा रही है- इजराइली सेना के बिना। जब युद्ध खत्म होगा और गाजा अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों और फोटोग्राफरों से भर जाएगा, तब जाकर वहां से मृत्यु और विनाश की पूरी रिपोर्ट सामने आएंगी।

**एक समझदार देश नागरिकों के खिलाफ नहीं लड़ता है, बच्चों को नहीं मारता है और आबादियों को अपनी रहने की जगहों से बाहर निकालने का लक्ष्य नहीं रखता है। गोलान- जो खुद गाजा-युद्ध के नायक रह चुके हैं- ने स्पष्ट किया कि वे इजराइली सेना नहीं, उन राजनेताओं को दोष दे रहे हैं, जो युद्ध को ऐसे कारणों से बढ़ा रहे हैं, जिनका राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं।**

वह इजराइल और यहूदी-समुदाय के लिए बहुत बुरा समय होगा। यही कारण है कि गोलान ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अब रुक जाएं, युद्ध-विराम करें, बंधकों को वापस लाएं, गाजा में एक अंतरराष्ट्रीय और अरब सेना भेजें और बाद में हमास के अवशेषों से निपटें। उन्होंने कहा, जब आप पहले ही गड्ढे में हों तो और खुदाई करना बंद कर दें। लेकिन नेतन्याहू खुदाई जारी रखने पर अड़े हुए हैं। उनका दावा है कि वे हमास पर दबाव बनाकर इजराइली बंधकों को लौटा ला सकते हैं। वहीं उनके गठबंधन के धुर-राष्ट्रवादी सदस्यों ने भी उनसे कहा है कि अगर वे युद्ध बंद कर देते हैं, तो उनका तख्तापलट कर दिया जाएगा। इसलिए इजराइली सेना अधिक से अधिक सेकंडरी-टारगेट्स पर हमला कर रही है, और नतीजा यह है कि हर दिन नागरिक मारे जा रहे हैं।

हारेत्ज के सैन्य विश्लेषक अमोस हारेल ने बताया कि हमास नेताओं के खिलाफ चलाए जा रहे कई बमबारी अभियान वास्तव में सामूहिक हत्या के प्रयास हैं, अकसर तब, जब वे अपने परिवार के साथ होते हैं। ये अधिकारी अब निजी घरों या अपार्टमेंट इमारतों में नहीं रहते।

## संत वचन

आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के प्रसिद्ध शहीदों में से एक थे, जिनका साहस, विश्वास और ईश्वर के प्रति समर्पण वास्तव में हम सभी के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायक है। एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा।

# यह लंबे समय तक जीने का खेल नहीं यह खेल है स्वस्थ रहने का

तकरीबन रोज की बात है। भोपाल में अगर आप सुबह-सुबह होशंगाबाद रोड से गुजरें, तो वहां आपको एक दुबला-पतला व फिट व्यक्ति वॉक करते, रनिंग करते हुए और साथ में कभी-कभी उछल-कूद करके हवा में ही अपना बैडमिंटन रैकेट घुमाते और दूसरे हाथ से फुटबॉल को मारते हुए दिख जाएगा, जैसे वह इन खेलों को अकेला ही खेल रहा है। उसका यह एकल खेल वहां से गुजरने वालों का, खासतौर पर बच्चों का ध्यान खींचता है। कुछेक बार मैंने भी उन्हें देखा है, लेकिन हाल ही में दैनिक भास्कर के डीबी स्टार में प्रकाशित एक खबर में उनका जिक्र देखकर मुझे उनके बारे में और जानकारी मिली। वह युवाओं को इस बात की सीख देते हैं कि कैसे अपनी स्वयं की एक्टिविटी को सोशल मीडिया पर वायरल कर फिट रहा जाता है। 65 वर्षीय ह्ययुवाह्न अनिल कुमार श्रीकृष्ण नगाइच एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें ह्यसुपर एजर्सह्न कहा जा सकता है। ह्यसुपर एजर्सह्न ऐसा टाइटल है, जिसे बहुत कम लोग गर्व से धारण करते हैं।ये करियर में मिले पद से कहीं ज्यादा है! हां, हम सब जीवनशैली में बदलाव करके ये टाइटल पा सकते हैं, जैसे प्रोसेस्ड फूड नहीं खाना, शरीर को पर्याप्त नींद देना। पर एक चीज है, जो उम्र को बेहतर तरीके से बढ़ाने के लिए की जा सकती है और वो है कसरत। देखा जाए तो यही एक मात्र उपाय है, जिसने उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने पर कोई प्रभाव दिखाया है। संक्षेप में, कसरत ही तय करती है कि कोई कितनी जल्दी बूढ़ा होगा। करीबन 17 साल पहले, कार्डियोलॉजिस्ट और सैन डिएगो के स्क्रिप्स रिसर्च ट्रांसलेशन इंस्टीट्यूट के संस्थापक एरिक टोपोल ने ये पता लगाने का प्रयास किया कि क्यों कुछ लोग बहुत बेहतर तरीके से उम्रदराज होते हैं, जबकि दूसरे क्यों नहीं। वह उस वक्त 53 वर्ष के थे और उन्हें लगा कि स्वस्थ तरीके से उम्र का बढ़ना एक गूढ़ वैज्ञानिक प्रक्रिया है और तब उन्होंने इस शोध में व्यक्तिगत तौर पर रुचि ली, क्योंकि उन्हें यह शक भी था कि ये जेनेटिक भी हो सकती है। मित्रों के साथ उन्होंने छह वर्ष से अधिक समय में ऐसे करीब 14,000 से अधिक लोगों की जीनोम सिक्वेसिंग की, जो उम्र के 80वें दशक में थे और जिन्हें कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। टोपोल ने उन्हें ह्यसुपर एजर्सह्न कहा। शोध में उन्होंने पाया कि बेहतर तरीके से उम्र के बढ़ने में कसरत सबसे बड़ा योगदान देती है।

**एडिट.नोट**

कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर टोपोल को हमेशा से लगता था कि साइकलिंग, वॉकिंग और स्विमिंग सबसे अच्छी कसरत हैं। लेकिन उनके शोध ने साबित किया कि सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्ट्रेंथ ट्रेनिंग है। उन्होंने अपनी नई पुस्तक ह्य सुपर-एजर्स-एन एविडेंस बेस्ट अप्रोचु टू लॉन्जेविटीह्न में ये बात कही है।

उन्होंने कहा है रेसिस्टेंस ट्रेनिंग और ग्रिप स्ट्रेंथ का स्वस्थ तरीके से उम्र बढ़ने के साथ असाधारण संबंध है। सवाल है कि कौन-सी कसरत करें और क्या हम एक ट्रेनर रखें? टोपोल कहते हैं कि ट्रेनर की जरूरत नहीं। वे लोगों को सलाह देते हैं कि वह जो कर सकते हैं, वो करें- प्लैंक्स, लंग्स की एक्सरसाइज, सिट-अप्स, स्क्वैट्स और फ्लोर पर किए जा सकने वाले व्यायाम, खासतौर पर रेजिस्टेंस बैंड्स संबंधी एक्सरसाइज और पैड्स पर संतुलन बनाना। अपनी पुस्तक में वो कहते हैं कि मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने की शुरूआत करने के लिए कोई उम्र बड़ी नहीं होती। किसी भी उम्र में आप एथेलेटिकली फिट और मजबूत होने में पूर्णतः सक्षम हैं। टोपोल की पुस्तक पढ़कर मुझे लगा कि जो अनिल कुमार कर रहे हैं, उसमें सबसे महत्वपूर्ण है- बाहर घूमना। पुस्तक में बताया है कि बुजुर्ग एकांतप्रिय हो जाते हैं। और यह स्वस्थ्य तरीके से उम्र बढ़ने के लिए ठीक नहीं। उनका कहना है, ह्यमैंने कभी नहीं सोचा था कि दोस्तों के साथ प्रकृति के इर्दगिर्द घूमना सेहत के लिए महत्वपूर्ण है।

**लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन-लेखक**

# सूचनाओं के युद्ध में जीत भी अब हमारे लिए जरूरी है

चीं ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हमले इस तरह से किए गए थे कि सीमा पार ही नहीं, बल्कि दुनिया के देशों तक भी सशक्त संदेश पहुंचाया जा सके। लक्ष्यों का चयन, अप्रत्याशित आक्रमण और जोखिम के सटीक आकलन ने दिखाया कि भारत एक जटिल, परमाणु-युद्ध की क्षमता वाले वातावरण में भी सामरिक और ऑपरेशनल संबंधी उत्कृष्टता दिखा सकता है।

लेकिन जहां भारत ने युद्ध के मैदान को नियंत्रित किया, वहीं वह इस संघर्ष से उभरने वाले कथानक पर पूरी तरह से काबिज नहीं हो सका। पाकिस्तानी नैरेटिव ने डिजिटल और पारंपरिक प्लेटफॉर्मों पर चढ़ाई कर दी, जिससे शुरूआती धारणाएं उनके पक्ष में बन गईं। इसका कारण यह है कि किसी भी ऑपरेशन की प्लानिंग में गोपनीयता का दबाव भी बहुत होता है। पाकिस्तान पर ऐसा कोई दबाव नहीं था। उसका फोकस खुद को विक्टिम दिखाने पर ही था। यह कोई नया पैटर्न नहीं है। भारत ने अकसर अपनी प्रतिक्रियाओं में संयम और रणनीतिक धैर्य दिखाया है। लेकिन आज की दुनिया में नैरेटिव का प्रभुत्व भी रणनीतिक शक्ति के लिए जरूरी है। यह अब एक सॉफ्ट कहलाने वाली वस्तु नहीं, बल्कि संघर्ष का अपना क्षेत्र है। सूचना-युद्ध को जीतना भी अब एक हुनर है।

वास्तव में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का सैन्य-आचरण पृथक से अध्ययन का विषय होना चाहिए। इसके माध्यम से हमने गैर-परम्परागत लॉन्च टाइमिंग्स और एक्सेस रूट्स के जरिए शत्रु को सामरिक रूप से हतप्रभ कर दिया था। हमने खुफिया सूचनाओं का प्रभावी ढंग से लाभ उठाया और उन लक्ष्यों पर हमला किया, जो प्रतीकात्मक और रणनीतिक महत्व के थे। ऐसा करके पाकिस्तान के डीप-स्टेट और राजनीतिक नेतृत्व को संकेत दे दिया गया कि भारत की रेड-लाइंस अब केवल कागजी नहीं हैं। इसके अलावा भारत ने अंतरराष्ट्रीय-समुदाय में अपने मित्रों और विरोधियों दोनों तक ही अपनी क्षमताओं का संदेश पहुंचाया। अमेरिका और फ्रांस ने इस बात को स्वीकारा कि भारत की यह प्रतिक्रिया जायज थी। तुर्किये और मलेशिया के विरोध के स्वरों को अधिक महत्व नहीं मिला।

हालांकि अमेरिका के लिबरल मीडिया ने हमारा समर्थन नहीं किया, जैसा कि अपेक्षित भी था। लेकिन अमेरिकी सैन्य पत्रिकाओं- जिनमें प्रतिष्ठित ह्यवॉर ऑन द रॉक्सह्न जर्नल भी शामिल है- ने भारत के सैन्य अभियानों की यथार्थवादी सराहना की। इन संकेतों के साथ वैश्विक जनमत की आम सहमति और खुले स्रोत के सूचना प्रवाह को आकार देने की आवश्यकता थी। यहां हमें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। इस अनुभव से यह बात उजागर होती है कि हमें राष्ट्रीय स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन पर एकाग्र एक समर्पित, वैधानिक निकाय की आवश्यकता है। यह एक नागरिक-सैन्य-मीडिया इंटरफेस होगा, जो अलग-थलग नहीं होकर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र के एक हिस्से के रूप में काम कर सकता है।

इसमें विदेश मंत्रालय, रक्षा, गृह और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित सूचना-युद्ध में अनुभव रखने वाले वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, मीडियाजन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, संज्ञानात्मक मनोविज्ञान और व्यवहार विज्ञान के विशेषज्ञ, डेटा वैज्ञानिक, एआई विशेषज्ञ और डिजिटल निगरानी पेशेवर, रणनीतिक मामलों की जानकारी रखने वाले शिक्षाविद शामिल हो सकते हैं। साथ ही इसका राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) के साथ स्थायी सम्पर्क होना भी आवश्यक होगा। ध्यान रहे कि इसका उद्देश्य एक प्रचार-मशीन बनाना नहीं, बल्कि वास्तविक तथ्यों के प्रसार का एक मैकेनिज्म बनाना होगा- जो पुख्ता नैरेटिव गढ़ सके, गलत सूचनाओं का मुकाबला कर सके और समय के साथ अपना एक प्रभाव बनाने में सक्षम हो। इसे रियल टाइम में सूचना से जुड़े खतरों की निगरानी करनी चाहिए, मैसेजिंग की रणनीतियों पर सलाह देनी चाहिए और केवल प्रतिक्रिया में नहीं, बल्कि पहले से ही मल्टी-प्लेटफॉर्म कैम्पेन तैनात करने चाहिए। भारत में डिजिटल क्रिएटर्स, फिल्म निमार्ताओं और कंटेंट रणनीतिकारों का भी एक जीवंत समूह है, जिन्हें संकट के समय में शामिल किया जा सकता है। 2022 के बाद से यूक्रेन के शानदार सूचना अभियान से मिलने वाले सबक स्पष्ट हैं। रणनीतिक संचार शांति के समय में बनाई जाने वाली विलासिता नहीं है। यह एक युद्ध-क्षमता है, जिसे संकट के समय उत्तरदायी, तैयार, पूर्वाभ्यास से युक्त और संसाधनों से लैस होना चाहिए।

## बिजनेस

# मुनाफे के बीच इरठछ से दूर हो रहे लोग, अप्रैल में डेढ़ लाख यूजर्स ने छोड़ा साथ; इस कंपनी को मिला फायदा

**नई दिल्ली।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल के 18 साल बाद हुए मुनाफे की जबरदस्त चर्चा है। लेकिन इस बीच टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ताजा आंकड़ों ने सरकारी कंपनी को चिंता में डाल दिया है। लगातार सस्ते रिचार्ज प्लान, आकर्षक ऑफर्स देने के बावजूद लोग बीएसएनएल का साथ छोड़ रहे हैं।

अप्रैल में कंपनी को डेढ़ लाख ग्राहकों का नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसी ही हालत कुछ वोडाफोन-आइडिया की भी नजर आ रही है। उसे लगभग साढ़े 6 लाख ग्राहकों का नुकसान हुआ है। इन सभी में सबसे ज्यादा फायदा जियो का हुआ है। उसके ग्राहकों की संख्या में बड़ा उछाल देखा गया है। जबकि एयरटेल के ग्राहकों में भी बढ़त देखी गई है।टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ताजा आंकड़े बताते है कि, अप्रैल में रिलायंस जियो ने लगभग 26.4 लाख नए मोबाइल सब्सक्राइबर हासिल किए हैं। दूसरी सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी एयरटेल ने पिछले महीने 1.71 लाख मोबाइल सब्सक्राइबर्स जोड़े हैं। भारती एयरटेल को मार्च में लगभग 12.5 लाख नए सब्सक्राइबर्स मिले थे। पिछले कुछ वर्षों से वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रही वोडाफोन आइडिया के लिए चुनौती बढ़ गई है। अप्रैल में कंपनी को लगभग 6.47 लाख मोबाइल सब्सक्राइबर का नुकसान हुआ है। मार्च में इस कंपनी के लगभग 5.4 लाख सब्सक्राइबर्स घटे थे। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि,वीआई और बीएसएनएल छोड़ने वाले लोग बड़ी संख्या में जियो को चुन रहे हैं। नए ग्राहक भी जियो की सर्विस के साथ जॉइन कर रहे हैं। जबकि अप्रैल में सरकारी टेलीकॉम कंपनी ने लगभग 1.55 लाख मोबाइल सब्सक्राइबर्स गंवाए हैं। हालांकि, मार्च में बीएसएनएल को 49,177 नए सब्सक्राइबर्स मिले थे। इस सरकारी टेलीकॉम कंपनी को 4 जी नेटवर्क का दायरा कम होने और 5जी नेटवर्क मौजूद नहीं होने से नुकसान हो रहा है। इससे कंपनी के रेवेन्यू पर भी बड़ा असर पड़ा है। बीएसएनएल के 4 जी नेटवर्क का जल्द देश भर में लॉन्च किया जा सकता है। इस नेटवर्क के लिए 93,450 टावर्स को इंस्टॉल किया जा चुका है। कंपनी के 4जी नेटवर्क के लिए स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। इस नेटवर्क को अपग्रेड कर 5जी में कन्वर्ट किया जाएगा।

भारत सरकार की कंपनी बीएसएनएल को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (नेट प्रॉफिट) हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 849 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2007 के बाद यानी 18 साल में यह लगातार दूसरी बार है, जब कंपनी को किसी तिमाही में प्रॉफिट हुआ है।

इससे पहले पिछली तिमाही यानी वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में कंपनी को 262 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में इरठछ का नेट लॉस घटकर 2,247 करोड़ रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 5,370 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का ऑपरेशन से रेवेन्यू 7.8% बढ़कर 20,841 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का रेवेन्यू 19,330 करोड़ रुपए रहा था।

**राज-काज**

## पतंजलि पर पैसे के लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को केंद्र सरकार ने पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी को लेकर नोटिस भेजा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी जांच एजेंसियों को पतंजलि के पैसों के लेन-देन में गड़बड़ियां मिलीं हैं। एजेंसियों ने कई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को संदिग्ध माना है। कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने पातंजलि को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब देने को कहा है। जांच शुरूआती चरण में है, इसलिए रकम का खुलासा नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की आशंका पर जांच शुरू की गई है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है।

# 2047 तक पांच गुना बढ़कर 32 लाख करोड़ पर पहुंच जाएगा भारत का रक्षा बजट



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बड़ा बदलाव दिख सकता है। वर्ष 2047 तक देश का रक्षा बजट 31.7 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ और केपीएमजी की एक साझा रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के भारत के 6.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को देखते हुए यह एक महत्वपूर्ण वृद्धि होगी और इसमें अगले दो दशकों में करीब पांच गुना का उछाल आ सकता है।रिपोर्ट में अनुसार, भारत के रक्षा उत्पादन में भी जोरदार वृद्धि होने की उम्मीद है। 2024-25 में 1.6 लाख करोड़ रुपये की तुलना में इसके 2047 तक 8.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। देश अपने रक्षा निर्यात का विस्तार करने के लक्ष्य पर भी काम कर रहा रहा है। इसके वर्तमान 30,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2047 तक 2.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आगामी रक्षा रणनीतियों का मुख्य फोकस इसमें पूंजीगत व्यय (उंस्त्री७) की हिस्सेदारी को बढ़ाना है। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 यह कुल बजट का 27 प्रतिशत है, जिसके 2047 तक बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। यह वृद्धि बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी और हथियार प्रणालियों में अधिक निवेश के संकेत देते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) पर भारत का खर्च भी बढ़ेगा। इसके वर्तमान के 4 प्रतिशत से बढ़कर 8 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। रक्षा पर खर्च किए जाने वाला खर्च सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत 2 प्रतिशत से बढ़कर 2047 तक 4-5 प्रतिशत पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रक्षा व्यय के मामले में भारत की वैश्विक स्थिति में भी सुधार होने की संभावना है। इस मामले में भारत वर्तमान में चौथे स्थान पर है। 2047 तक रक्षा खर्च के मामले में हम तीसरे स्थान पर पहुंच सकते हैं।

# सोना 170 सस्ता होकर 95,355 पर आया:चांदी का भाव 642 कम हुआ, 97,458 प्रति किलो बिक रही

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 मई को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्इखअ) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 170 रुपए घटकर 95,355 रुपए पर आ गया। कल यह 95,525 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, चांदी की कीमत आज 642 रुपए गिरकर 97,458 रुपए रह गई। कल चांदी 98,100 रुपए किलो थी। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## 4 महानगरों में सोने की कीमत

दिल्ली : 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,460 रुपए और 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,350 रुपए है। मुंबई : 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए और 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रुपए है। कोलकाता : 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 97,310 रुपए और 22 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 89,200 रुपए है।

चेन्नई : 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97,310 रुपए और 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,200 रुपए है।इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,193 रुपए बढ़कर 95,355 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,441 रुपए बढ़कर 97,458 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (इक्र) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ऌवक्ऊ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- अे4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।



9 सितंबर, 2024 को दोहा, कतर में कतर नेशनल कन्वेंशन सेंटर (क्यूएनसीसी) में शिक्षा को हमले से बचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय दिवस के 5वें आयोजन के दौरान लोग "शिक्षा घेरे में" नामक एक प्रतिष्ठान के पास से गुजरते हैं।

अक्टूबर में कमर्शियल रन होगा, सुभाषनगर से एम्स तक 6.22Km दौड़ेगी

# भोपाल मेट्रो टेस्टिंग में पास...अब बस 1 स्टेप दूर

संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश की पहली मेट्रो आज यानी, 31 मई से दौड़ेगी। भोपाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इसके बाद कॉमर्शियल रन शुरू होगा और आम लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे। भोपाल में अक्टूबर-नवंबर तक मेट्रो दौड़ सकती है। फिर आप दो स्टेशनों के बीच ही सुनेंगे- अगला स्टेशन डीबी मॉल है...दरवाजे बाईं तरफ खुलेंगे... कृपया दरवाजों से हटकर खड़े हों'...। भोपाल मेट्रो कॉमर्शियल रन से कितनी दूर है? जानकारी के मुताबिक, भोपाल मेट्रो के लिए रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) की टीम बुलाई गई है। इसके लिए सभी डॉक्युमेंट्स सब्मिट किए जा चुके हैं। इसके बाद कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) टीम इंस्पेक्शन करेगी। टीम की 'ओके' रिपोर्ट मिलने के बाद लोग मेट्रो में सफर कर सकेंगे। इस पूरी प्रोसेस में 4 से 5 महीने लग सकते हैं। इसी बीच मेट्रो के बाकी बचे 3 स्टेशन- एम्स, डीआरएम तिराहा और अलकापुरी के काम भी पूरे कर लिए जाएंगे।

**तैयारी**

भोपाल में मेट्रो का पहला रूट एम्स से करोंद तक 16.05 किलोमीटर लंबा है। इसमें से 6.22 किमी एम्स से सुभाष नगर के बीच का काम प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था। सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशन तक काम पूरा हो गया है। इसके आगे अलकापुरी, एम्स और डीआरएम मेट्रो स्टेशन तक ट्रैक का काम हो चुका है और मेट्रो यहां तक पहुंच चुकी है। वहीं, दोनों स्टील ब्रिज की लोड टेस्टिंग भी की जा चुकी है।



### भोपाल में पूर्व सीएम शिवराज ने किया था ट्रायल

3 अक्टूबर 2023 को भोपाल में पहली बार मेट्रो ट्रैक पर दौड़ी थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुभाषनगर से रानी कमलापति स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया था। इसके बाद से ही लगातार टेस्टिंग की जा रही है। मेट्रो सबसे ज्यादा स्पीड 80Km प्रति घंटे से भी दौड़ चुकी है। इतनी ही स्पीड में कॉमर्शियल रन भी होगा। हालांकि, इससे पहले सुरक्षा के तमाम पैमाने जांचें जाएंगे। इसे सीएमआरएस टीम ही जांचेंगी। भोपाल में यह टीम अगले कुछ महीने में आ जाएगी।

### भोपाल में इसलिए देरी से कॉमर्शियल रन

पिछले साल रेलवे ट्रैक और डीआरएम तिराहे पर दो स्टील ब्रिज भी लॉन्च कर दिए गए थे। वहीं, मार्च में दोनों ब्रिज की लोड टेस्टिंग भी कर ली गई। पहले सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशनों के बीच ही मेट्रो को चलाने का प्लान था, लेकिन अब यह पूरे 6.22 किमी में दौड़ेगी। चूंकि, अभी स्टेशन में काम बाकी है। इसलिए इसे प्रायोरिटी में न लेते हुए इंदौर में पहले मेट्रो दौड़ाने का प्लान तैयार किया गया। पिछले 6-8 महीने से पूरा फोकस इंदौर पर रहा। छोटे-बड़े काम जल्दी निपटाए गए। इसलिए इंदौर में पहले और भोपाल में बाद में कॉमर्शियल रन होगा।

### ये देखेगी सीएमआरएस टीम

आरडीएसओ की टीम मेट्रो के संचालन से जुड़े काम देखेगी। इसके बाद मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम दो बार पहुंचेंगी। मेट्रो कॉरपोरेशन के अफसरों का कहना है कि कॉमर्शियल रन से पहले सुरक्षा के लिहाज से कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम जांच करती है। जिसमें वह ट्रैक के नट-बोल्ट तक देखती है, क्योंकि यह मामला आम लोगों की सुरक्षा से जुड़ा होता है। इसलिए हर पैमाने पर जांच होती है।

### अभी दो तरह से होती है मेट्रो की टेस्टिंग

अभी भोपाल में मेट्रो की टेस्टिंग 2 तरह से होती है। पहली नॉन स्टॉप और दूसरी हर स्टेशन पर रुकते हुए। जब नॉन स्टॉप टेस्टिंग होती है तो ट्रेन सुभाषनगर से रानी कमलापति के बीच बिना स्टॉप लिए 60 से 80Km की स्पीड में दौड़ती है।

## शॉट न्यूज

### मातम में बदली खुशी पूल में डूबा युवक, मौत

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के भोपाल में ग्रामीण क्षेत्र गुंगा के हर्राखेड़ा स्थित एक फार्महाउस में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब 20 वर्षीय अयान अहमद की पूल में डूबने से मौत हो गई। अयान कबीरपुरा का रहने वाला था। वह अपने दोस्त की बहन की शादी में शामिल होने के लिए फार्महाउस गया था। दरअसल, शाम के समय अयान अपने दोस्तों के साथ स्विमिंग पूल में नहाने चला गया। नहाते वक्त वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। पूल में उस समय 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे, लेकिन किसी को तुरंत उसकी हालत का अंदाजा नहीं हुआ। कुछ देर बाद जब दोस्तों ने उसे गायब पाया, तब तक वह पानी में बेहोश हो चुका था। दोस्तों ने जैसे-तैसे अयान को पानी से बाहर निकाला और पेट दबाकर पानी निकालने की कोशिश की।

### आवारा कुत्तों से बचने दौड़ाया स्कूटर

**भोपाल**। भोपाल की मोती मस्जिद के पास शुक्रवार शाम को स्कूटर सवार युवकों के पीछे आवारा कुत्ते पड़ गए। बचने के प्रयास में चालक ने वाहन को तेज रफ्तार में दौड़ा दिया। इससे बेकाबू स्कूटर एक बाइक से टकराने के बाद गिर गई। सड़क पर गिरे युवक लोडिंग वाहन के नीचे आ गए। हादसे में स्कूटर सवार दोनों युवकों को चोट आई हैं। जानकारी के अनुसार जुझर हुसैन (16) और मोइज अब्बास (17) लखेरापुरा में रहते हैं। जुझर 11वीं का छात्र है और मोइज 12वीं का। दोनों एक स्कूटर पर टीटी नगर स्टेडियम जा रहे थे। घर से थोड़ी दूर निकलते ही लगभग छह आवारा कुत्तों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। डर और घबराहट में स्कूटर बेकाबू होकर पास से गुजर रही बाइक से टकरा गई, जिससे छात्र सड़क पर गिर पड़े। उसी समय मोती मस्जिद की ओर से एक लोडिंग ऑटो गलत दिशा में आते हुए छात्रों से टकरा गया।

### चचेरी बहन को सांस रुकने तक डंडे पीटा

**उमरिया**। आपने क्रूरता ऐसा मामला कहीं नहीं सुना होगा जहां अपने ही परिवार के सदस्य की बेरहमी से हत्या कर दी गई हो। एमपी के उमरिया से ऐसी दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई। एक भाई ने क्रूरता से हमला कर अपनी ही नाबालिग चचेरी बहन की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं शव को कमरे मे छिपा कर रखा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चचेरी बहन के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। दरअसल, दिल झकझोरने वाला मामला जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के उफरी गांव का है। यहीं का रहने वाला टोब्बा उर्फ़ हरी लाल कोल (30 साल) ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। उसने अपनी चचेरी नाबालिग बहन गोमती कोल को बिना कारण ही लाठी से पीटना शुरू कर दिया। पिटाई से बचने के वह गिड़गिड़ाती रही।


## हत्या की कोशिश के आरोपी संग छलके जाम, 5 पुलिसवाले सस्पेंड

संवाददाता ● उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन के एक अस्पताल का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिसकर्मी एक आरोपी के साथ शराब पीते दिख रहे हैं। वीडियो में सुरक्षा के लिए लगाए पुलिसकर्मी अपनी वर्दी को खूंटी पर टांग कर आरोपी के साथ शराब के जाम छलकाते नजर आ रहे हैं।

**मामला**

ये मामला कोतवाली थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक सितंबर 2024 को अजय पिता प्रेम नारायण सिंदल ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने चाचा अनिल सिंदल पर जानलेवा हमला कर दिया था, जिसमें पुलिस ने अजय के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले में पुलिस ने अजय को गिरफ्तार करने के बाद उसे जेल भेज दिया था। लेकिन सीने में दर्द की बीमारी बताकर अजय बार-बार सरकारी अस्पताल चरक भवन में इलाज करवाने आ जाता था। इस बार भी वह सरकारी



अस्पताल की चौथी मंजिल पर बने जेल वार्ड में इलाज के नाम पर ही अस्पताल आया था, जिसकी सुरक्षा में एक गार्ड भी लगा था। लेकिन इस बार किसी ने अजय और उसकी सुरक्षा में लगी पुलिस का शराब पार्टी करते हुए वीडियो वायरल कर दिया, जिसमें पुलिसकर्मी और आरोपी अजय के साथ मिलकर शराब और सिगरेट पीने के साथ जुए का दांव लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी प्रदीप शर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मियों की पहचान की और पुलिस लाइन में पोस्टेड हेड कांस्टेबल अल्ताफ हुसैन, कांस्टेबल अरविंद मरमट, कांस्टेबल सुनील बिठौरे, लखन अहिरवार और सुनील परमार पांचों को सस्पेंड कर दिया। फरियादी पक्ष के शुभम सिंदल का आरोप है कि आरोपी अजय सिंदल गंभीर रूप से बीमार नहीं है।


## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, महिला की मौत, 6 गंभीर

संवाददाता ● जबलपुर

मध्य प्रदेश जबलपुर जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मढपीपरिया में दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक महिला की मौत हो गई। जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हिंसक झड़प पुरानी रंजिश के चलते हुई, जिसमें लाठी, डंडों और तलवारों का जमकर इस्तेमाल किया गया। घायलों को इलाज के लिए पाटन सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां से फिर घायलों को मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दरअसल, घटना उस वक्त हुई जब गांव के दो पक्षों में भागवत सिंह लोधी और गिरन सिंह लोधी के बीच पहले से चला आ रहा विवाद एक बार फिर से उग्र हो गया। दोनों पक्षों के बीच बहस देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान भागवत लोधी की पत्नी प्रीति बाई लोधी बीच-बचाव करने के लिए मौके पर पहुंचीं, लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में भारत सिंह, जीवन सिंह, कालू सिंह सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पाटन के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक महिला प्रीति बाई लोधी के परिजनों की ओर से पाटन थाने में सात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है उनमें दशरथ लोधी, अन्नू लोधी, दीपक लोधी, अस्सु लोधी, राघवेंद्र लोधी सहित दो अन्य शामिल हैं. पुलिस के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी गांव से फरार हो गए हैं. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इससे एक दिन पहले सिंगोली गांव में हुए एक विवाद ने मढपीपरिया गांव में इस झगड़े को जन्म दिया।

रेग्युलर फ्लाइट 2 जून से

## भोपाल से दतिया तक फ्लायबिग की ट्रायल उड़ान



संवाददाता ● भोपाल

दतिया में एयरपोर्ट बनने के साथ ही भोपाल से दतिया के बीच फ्लायबिग की उड़ान शुरू हो रही है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दतिया एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही भोपाल से दतिया के बीच एक दिन के लिए परीक्षण उड़ान होगी। भविष्य में इसे सप्ताह में चार दिन चलाया जा सकता है। भोपाल से सतना एवं खजुराहो तक भी सीधी उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव है। रीजनल कनेक्टिविटी के तहत हाल ही में रीवा उड़ान भी प्रारंभ हुई है।

**परीक्षण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भोपाल स्थित जंबूरी मैदान से दतिया में नए एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। शुभारंभ अवसर पर दतिया एयरपोर्ट से महिला यात्रियों को लेकर विमान उड़ान भरेगा। इनमें आठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पुलिस कर्मी शामिल होंगी। इस मौके पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु मुख्य अतिथि, प्रभारी मंत्री ऐंदलसिंह कंषाना, सांसद संध्या राय एवं पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित रहेंगे। समारोह की शुरुआत सुबह साढ़े 10 बजे से होगी।

बता दें, दतिया मप्र का आठवां पब्लिक एयरोड्रम हवाई अड्डा होगा। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए ने 118 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित दतिया हवाई अड्डे को श्रीसी वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एरोड्रम के रूप में लाइसेंस प्रदान किया है। नियमित फ्लाइट दतिया एयरपोर्ट से दो जून को आरंभ हो जाएगी।

**भोपाल-दतिया उड़ान संख्या एस-9507/9510 का शेड्यूल**

- भोपाल से प्रस्थान : सुबह 08.20 बजे
- दतिया आगमन : सुबह 09.30 बजे
- दतिया से प्रस्थान : दोपहर 02.10 बजे
- भोपाल आगमन : दोपहर 03.20 बजे

12 वीं का टॉपर बना एक दिन का विधायक

## कर दिया ऐसा काम कि लोग तारीफ करते नहीं थक रहे

संवाददाता ● उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के नागदा में फिल्म नायक की तरह एक नया प्रयोग किया गया है जिसमें 12वीं कक्षा में टॉप करने वाले छात्र को एक दिन का विधायक बनाया गया। इस दौरान छात्र ने वह सभी कार्य किए जो एक विधायक के द्वारा किए जाते हैं। छात्र को विधायक की तरह प्रोटोकॉल दिया गया और लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से पूरे होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन करवाने के साथ ही शिलालेख पर भी छात्र का नाम दर्ज करवाया गया। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चे और भी अधिक प्रोत्साहित हो। इसी मंशा के साथ नागदा के विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान ने कक्षा 12वीं



में 96.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले और जिले में प्रथम स्थान पर आए साहित्य श्री सेन को एक दिन का विधायक बनाया। इस दौरान साहित्य को वह सभी प्रोटोकॉल दिए गए जो एक विधायक को मिलते हैं। साहित्य ने नागदा विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान पीएम आवास योजना के कार्यों का लोकार्पण किए जाने के साथ ही बेरछा विद्यालय की 7 अतिरिक्त कक्षाओं का भूमिपूजन भी किया गया। भूमिपजन और लोकार्पण कार्यों के साथ ही साहित्य सेन ने जनता दरबार लगाया और यहां आने वाले लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही उनका शीघ्र निराकरण भी करवाया। जिले में संभवतः पहली बार ऐसा देखने को मिला है जब किसी विधायक ने एक दिन के लिए किसी टॉपर छात्र को विधायक बनाया हो।

नागदा खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होने वाला था। इन कार्यक्रमों में जब क्षेत्रीय विधायक तेजबहादुर सिंह चौहान के स्थान पर लोगों ने साहित्य को विधायक की गाड़ी में देखा तो दंग रह गए। बाद में उन्हें विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान के इस नवाचार के बारे में बताया गया तो लोगों ने विधायक के इस कार्य की जमकर प्रशंसा की। साहित्य सेन ने बैरछा में 65 लाख रुपए की लागत से उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 8 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण, 5 लाख की विधायक निधि से रोड, सरकारी स्कूल बैरछा में 98.53 लाख की लागत से 7 अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का लोकार्पण और आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 9.18 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण के कार्यक्रमों में शामिल हुए।

पीएम के कार्यक्रम के पांडाल में सीवेज सिस्टम बनाया

## भोपाल समेत 21 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट

संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश में नौतपा के सातवें दिन, शनिवार को भी तेज आंधी और बारिश का दौर रहेगा। मौसम विभाग ने भोपाल समेत 21 जिलों में अलर्ट जारी किया है। इधर, शनिवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल आ रहे हैं। उनके कार्यक्रम और बारिश के अलर्ट के चलते पांडाल के आसपास सीवेज सिस्टम बनाया गया है। ताकि, बारिश होती है तो पानी पांडाल में न पहुंचे।

**अलर्ट**

शनिवार को जिन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है, उनमें भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन, मुरैना, भिंड, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में शनिवार को बारिश और आंधी की एक्टिविटी रहेगी। ऐसा ही मौसम 3 जून तक रहेगा। हालांकि, तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। रात में पारा बढ़ सकता है, लेकिन कहीं भी हीट वेव का अलर्ट नहीं है।



### गुना-खजुराहो समेत कई जिलों में तेज बारिश

मध्यप्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी मौसम बदला रहा। नौतपा के लगातार छठवें दिन प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहा। छतरपुर के खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया तो गुना, रीवा, अशोकनगर, रायसेन में भी शाम को बारिश हुई। रायसेन में तो तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे। इधर, कई जिलों में दिन का पारा लुढ़का रहा। ग्वालियर की सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा में 40.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 40.5 डिग्री, सतना-सीधी में 40.4 डिग्री और खजुराहो में 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 28.2 डिग्री पर आ गया। वहीं, शिवपुरी में 29 डिग्री और छिंदवाड़ा में 32 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.6 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 38 डिग्री सेल्सियस रहा। इस साल गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम है। मई में लगातार 30 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हो रही है। हालांकि, 26 अप्रैल से ही मौसम बदल गया था और आंधी-बारिश हो रही थी। कुछ जिलों में तो ओले भी गिर चुके हैं। इससे पहले साल 2023 में मई में 20 दिन बारिश हुई, लेकिन पानी पूरे महीने ही गिरा था, लेकिन लगातार नहीं। मौसम विभाग ने 3 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।

**पूरे मई में बारिश-आंधी का दौर** - मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मई के महीने में ही सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। पिछले 10 साल का ट्रेंड देखें तो कई शहरों में पारा 47-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। दिन में हीट वेव चलती है तो रातें भी गर्म रहती हैं, लेकिन इस बार मौसम का मिजाज अलग रहा।

# जाह्नवी ने 'धक-धक' को वल्गर बताने वाली रील की लाइक

## नेटिजन्स ने विराट का उदाहरण देते हुए कसा तंज बोले- अब कहेंगी एल्गोरिदम के कारण हुआ

जाह्नवी कपूर अपने कांस डेब्यू और फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभी उनकी फिल्म 'परमसुंदरी' का भी टीजर आ गया है, जिसे ऑडियंस का प्यार भी मिल रहा है। इन सबके बीच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक करने उनके लिए मुसीबत बन गया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्ट को लाइक किया है वो उनकी दिवंगत मां श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित की रायवलरी के बारे में है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पेज से माधुरी दीक्षित और श्रीदेवी की तुलना करते रील बनाई गई है। उसमें रील में एक तरफ माधुरी के फेमस गाने 'धक-धक' को दिखाया गया और दूसरी तरफ श्रीदेवी की फिल्म 'खुदा गवाह' का सीन है। दोनों की वीडियो पर कैप्शन में लिखा गया है- 'उन्हें वल्गर स्टेप और कुछ नहीं करने के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।' वहीं श्रीदेवी के लिए कैप्शन में लिखा गया है, 'कमाल एक्टिंग के साथ डबल रोल निभाया, जिसने पूरी फिल्म को अपने कंधों पर संभाला, फिर भी फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस के लिए इग्नोर कर दिया।' बता दें कि माधुरी की फिल्म 'बेटा' और 'खुदा गवाह' एक ही साल रिलीज हुई थी। जान्हवी कपूर ने इस इंस्टाग्राम रील को लाइक किया है। जब इंस्टाग्राम यूजर्स की नजर जाहन्वी की लाइक पर पड़ी तो उन्होंने सवाल खड़े कर दिए। उनकी लाइक का स्क्रीन शॉट इंस्टाग्राम के साथ रेडिट पर भी वायरल है। दोनों जगह यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि क्या जाहन्वी इनडायरेक्ट माधुरी की आलोचना कर रही हैं? रेडिट पर एक यूजर लिखते हैं कि अब वो भी एल्गोरिदम की कहानी लेकर आएंगी। वहीं, एक यूजर ने माधुरी को सपोर्ट में लिखा कि माधुरी की बेटा हिट थी और उन्होंने एक्टिंग के मामले में शानदार परफॉर्मेंस दी और वो अवॉर्ड हासिल किया। वो सिर्फ एक डांस नंबर नहीं था। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा- 'दोस्तों, एल्गोरिदम की गलती है, जाहन्वी को दोष मत दीजिए।' एक दूसरे कमेंट में कहा गया, 'मुझे कलेशी बॉलीवुड के इस युग से प्यार है। अच्छी फिल्में नहीं तो कलेश ही सही।' एक नेटिजन ने शेयर किया, 'एल्गोरिदम पैंडेमिक का एक और शिकार...उम्मीद है कि इंस्टाग्राम जल्द ही एक वैक्सीन लेकर आएगा।'



# ब्लैक कलर के स्ट्रेपलेस गाउन में बला की खूबसूरत लगीं आलिया भट्ट



कांस में जलवा बिखेरने के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट स्पेन में अपनी दोस्त की शादी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस अपनी सबसे अच्छी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी को पूरा एंजॉय करती नजर आईं। उनके कई फोटोज और वीडियो वायरल हो रहे हैं। आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस यहां पर दुल्हन के साथ ब्राइड्समेड ड्यूटी पूरी करती नजर आईं। इस शादी फंक्शन से जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें एक्ट्रेस काफी ज्यादा प्यारी लग रही हैं। स्टाइलिश ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन पहने, आलिया भट्ट बेहद खूबसूरत लग रही थीं। तान्या ने व्हाइट वेडिंग की और आलिया और उनकी कुछ अन्य फ्रेंड्स ब्राइड्समेड्स बनी नजर आईं। आलिया की कई तस्वीरें और वीडियो क्लिप उनके फैन पेज ने पोस्ट की हैं। इंस्टाग्राम पर सामने आई एक तस्वीर में, आलिया भट्ट दुल्हन के पीछे अन्य ब्राइड्समेड्स के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं, जिन्होंने सफ़ेद गाउन पहना हुआ है। आलिया ने एक हाथ में सफेद छाता और दूसरे हाथ में कुछ सफेद फूल पकड़े हुए हैं। वह अपने काले गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। मिनिमल मेकअप लुक के साथ एक्ट्रेस ने काले रंग के इयररिंग्स पहने हुए थे जो उनके आउटफिट को पूरी तरह से कॉम्प्लीमेंट कर रहे थे। उन्होंने अपने बालों को पीछे की ओर बन बनाकर बांधा हुआ था। एक और दिल को छू लेने वाला वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें आलिया और उनकी सहेलियां दुल्हन को देखकर खुशी से झूम उठती हैं। इससे पहले, आलिया को तान्या की पारंपरिक भारतीय शादी के लिए एक सफेद ब्रालेट, मैचिंग लॉन्ग ब्लेजर और क्रीम स्कर्ट में देखा गया था। वहीं प्री-वेडिंग फंक्शन के लिए 'जिगरा' एक्ट्रेस ने एक फ्यूजन लुक अपनाया था जिसमें वो एक पारंपरिक लहंगे के साथ एक बंदना और धूप का चश्मा पहने नजर आईं। इस पूरे लुक में वो बोहो-चिक वाइब्स दर्शाती नजर आईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट को आने वाले समय में शरवरी वाघ के साथ वाईआरएफ की पहली महिला प्रधान जासूसी फिल्म में देखा जाएगा। इसका टाइटल अल्फा है और यह फिल्म क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। इसके बाद, वह संजय लीला भंसाली के साथ उनकी आगामी फिल्म लव एंड वॉर में भी काम कर रही हैं।

# इब्राहिम और पलक के साथ मूवी डेट पर आईं सारा अली खान



इब्राहिम अली खान और पलक तिवारी के रिलेशन की खबरें काफी समय से आ रही हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया है, लेकिन अब लगता है दोनों का बॉन्ड और स्ट्रॉन्ग हो रहा है क्योंकि अब तो पलक, इब्राहिम की फैमिली के साथ भी पब्लिक में नजर आ रही हैं। दरअसल, गुरुवार शाम को इब्राहिम, पलक और सारा अली खान साथ में मूवी देखने गए। इस दौरान तीनों को साथ में स्पॉट किया गया। जैसे ही फोटोग्राफर्स सामने आए, इब्राहिम शर्माते हुए वहां से चले गए। वह कैमरे को फेस ही नहीं कर रहे थे। वहीं सारा भी हंसते हुए वहां से गईं और भाई को छेड़ भी रही थीं। पलक ने भी कैमरे को फेस नहीं किया और दोनों के साथ चली गईं। इस दौरान पलक और इब्राहिम कोर्डिनेट करते दिखे। दोनों ने ग्रे कलर का आउटफिट पहना था। वैसे ऐसा नहीं है कि तीनों पहली बार साथ में टाइम स्पेंड कर रहे हैं। इससे पहले तीनों साथ में गोवा गए थे वेकेशन पर।

# फिल्मों की महाफ्लॉप हीरोइन कैसे बनी कान्स की क्वीन? ऐश्वर्या राय को भी देती हैं टक्कर



यूरोप के देश फ्रांस के शहर कान्स में बीते दिनों '78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' की जमकर धूम देखने को मिली। यहां पूरी दुनिया के फिल्मी सितारों ने शिरकत की और यहां अपनी अदाओं का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड की खूबसूरत हसीनाओं समेत यहां फिल्मी दिग्गजों ने भी हिस्सा लिया और अपनी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर कर खूब तारीफें बटोरीं। लेकिन यहां बॉलीवुड की एक खूबसूरत हीरोइन की अदाओं का भी जलवा रहा। बॉक्स ऑफिस पर महाफ्लॉप रहीं ये हीरोइन हर साल की तरह इस साल भी कान्स भी छाई रहीं। इतना ही नहीं इस हीरोइन ने ऐश्वर्या राय को भी टक्कर दी और खुद को कान्स की क्वीन भी बता डाला। दरअसल कान्स की क्वीन का टाइटल इन्हें किसी और ने नहीं बल्कि हॉलीवुड के सुपरस्टार लियोनार्डो-डि-कैप्रियो ने दिया है। इस हीरोइन का नाम है उर्वशी रौतेला और अपने करियर में बीते 10 साल से सिंगल हिट के लिए तरस रही हैं। उत्तराखंड में पड़ने वाली छोटी सी जगह कोटद्वार में उर्वशी का जन्म 25 फरवरी 1994 को हुआ था। बचपन से ही ग्लैमर और फिल्मी दुनिया की दीवानी रहीं उर्वशी ने अपनी स्कूलिंग यहीं से की थी। इसके बाद मॉडलिंग की दुनिया में नाम कमाने के लिए मुंबई आ गईं। यहां कई मॉडलिंग शो और ब्यूटी पेजेंट्स में हिस्सा लेने के बाद उर्वशी को पहली फिल्म साल 2013 में मिली थी। बॉलीवुड स्टार सनी देओल के साथ उर्वशी ने फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' से अपने करियर की शुरुआत की।



# डॉन 3 में कियारा की जगह लेंगी कृति सेनन

## वायरल वीडियो के बाद ऐसी है चर्चा

डायरेक्टर फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ कियारा आडवाणी के होने की खबरें थीं, लेकिन इसके बाद खबर आई कि कियारा आडवाणी फिल्म को छोड़ सकती हैं। इन खबरों के बीच कृति सेनन को फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस के बाहर देखा गया। इसके बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि कृति सेनन कियारा आडवाणी को रिप्लेस कर सकती हैं। कृति सेनन का एक शॉर्ट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में कृति सेनन फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस से बाहर आती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बाद ही लोग कह रहे हैं कि फिल्म में रणवीर सिंह के साथ कृति सेनन नजर आ सकती हैं। लोग कह रहे हैं कि कियारा को कृति रिप्लेस कर सकते हैं।कृति सेनन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने जूम को बताया कि कृति सेनन अभी तेरे इश्क में शूटिंग में बिजी हैं। इसके बाद कृति अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट का शूट शुरू करेंगी, जिसका अभी आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। कृति सेनन के पास इस साल कई प्रोजेक्ट्स हैं और वो पूरे साल के लिए बुक्ड हैं। डॉन 3 की बात करें तो फिल्म की शूटिंग सितंबर 2025 में शुरू हो सकती है। फिल्म में रणवीर सिंह डॉन की भूमिका निभाएंगे। इससे पहले अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान डॉन की भूमिका में नजर आ चुके हैं।

# 'डायरेक्टर ने की थी जबरदस्ती किस करने की कोशिश'



एक्ट्रेस सुरवीन चावला ने कास्टिंग काउच को लेकर हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि शादीशुदा होने के बावजूद एक डायरेक्टर ने उनके साथ जबरदस्ती किस करने की कोशिश की थी। सुरवीन ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया कि कास्टिंग काउच जैसी घटना उनके साथ कई बार हो चुकी हैं। सुरवीन ने बताया, "मुंबई के वीरा देसाई रोड पर एक डायरेक्टर के ऑफिस के केबिन में मीटिंग के बाद, जब मैं निकल रही थी तो वो मुझे गेट तक छोड़ने आया। यह मेरी शादी के बाद की बात है। सबसे अजीब बात ये थी कि उसी मीटिंग में हम इस (शादी) बारे में बात भी कर रहे थे। उसने मुझसे पूछा कि मेरी शादी कैसी चल रही है, मेरे पति क्या करते हैं। हम सिर्फ उसी के केबिन में थे, क्योंकि उसका ऑफिस बड़ा था। सुरवीन ने आगे बताया, "जब मैं दरवाजे तक पहुंची और उसे बाय कहने लगी, तो वो मेरी तरफ झुककर मुझे किस करने की कोशिश करने लगा। मुझे उसे पीछे धकेलना पड़ा। मैं एकदम चौंक गई और उससे पूछा कि वो क्या कर रहा है। फिर मैं बिना कुछ कहे वहां से चली गई। सुरवीन ने इसी इंटरव्यू में यह भी बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ। कई बार उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा है। एक बार तो एक साउथ फिल्म डायरेक्टर ने उनसे शारीरिक संबंध की मांग की थी। उसने ये बात सीधे नहीं ही, बल्कि किसी और के जरिए कहलवाई, क्योंकि वह हिंदी या इंग्लिश ठीक से नहीं बोल पाता था। सुरवीन ने यह भी कहा कि जब वह टीवी से फिल्मों में आने की कोशिश कर रही थीं, तब लोग उनके शरीर को लेकर सवाल पूछते थे। जैसे कमर का साइज, वजन, और ब्रेस्ट साइज। बता दें कि सुरवीन ने करियर की शुरुआत 2003 में टीवी शो 'कहीं तो होगा' से की थी। वो 'कसौटी ज़िंदगी की', '24', 'हेट स्टोरी 2', 'अग्ली', 'पार्च्ड' और 'छुरी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह जल्द ही 'राणा नायडू 2' में दिखाई देंगी, जो 13 जून को नेटफ्लिक्स पर आएगी। वहीं, उनकी वेब सीरिज 'क्रिमिनल जस्टिस 4' 29 मई को रिलीज हुई।

# यशराज की 'सैयारा' का टीजर रिलीज

## फिल्म से अनन्या पांडे के कजिन करेंगे डेब्यू, मोहित सूरी हैं डायरेक्टर

यशराज फिल्म्स ने मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सैयारा' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म से अहान पांडे अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अहान, एक्ट्रेस अनन्या पांडे के कजिन और एक्टर चंकी पांडे के भतीजे हैं। टीजर इमोशनल है और सच्चे प्यार की झलक दिखाता है। अहान के साथ अनीत पड्डा नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी हैं। बता दें कि फिल्म का टाइटल 'सैयारा' भी काफी दिलचस्प है। YRF ने सैयारा' टाइटल के पीछे का अर्थ भी समझाया। शब्दार्थ के अनुसार, सैयारा एक भटकता हुआ खगोलीय पिंड होता है, लेकिन शायरी में यह शब्द किसी चमकदार, स्वप्निल, और अप्राप्य चीज या व्यक्ति को दर्शाने के लिए प्रयोग होता है। एक ऐसा सितारा जो हमेशा चमकता है, राह दिखाता है, पर कभी पूरी तरह पास नहीं आता। 'सैयारा' 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अहान पांडे ने अपनी पढ़ाई मुंबई के ओबेरॉय इंटरनेशनल स्कूल से की है और फिर यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई से ग्रैजुएशन किया। फिल्मों का शौक उन्हें बचपन से रहा। उन्होंने 'फ्रीकी अली', 'रॉक ऑन 2' और द रेलवे मेन जैसी फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर भी काम किया है। वहीं, अनित पड्डा ने वेब सीरीज 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में दमदार एक्टिंग दिखाई। जहां उन्होंने रूही आहूजा का किरदार निभाया था। अनीत पड्डा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत काजोल, विशाल जेठवा और प्रियामणि अभिनीत फिल्म 'सलाम वेंकी' से की थी। 2022 में रिलीज हुई इस फिल्म में अनीत ने नंदिनी की भूमिका निभाई थी। मोहित सूरी जो इस साल इंडस्ट्री में डायरेक्टर के तौर अपने 20 साल पूरे कर रहे हैं, पहले भी 'आशिकी 2' और 'एक विलन' जैसी सुपरहिट रोमांटिक फिल्में दे चुके हैं।



# करुण नायर का दोहरा शतक

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की पहली पारी 557 रन पर ऑलआउट



एजेंसी ● कैंटबरी

करुण नायर के दोहरे शतक और ध्रुव जुरेल तथा सरफराज खान के अर्धशतकों की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 557 रन बनाए। इस मैच में इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी, लेकिन करुण, जुरेल और सरफराज ने शानदार बल्लेबाजी कर भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। सात साल बाद वापसी कर रहे करुण ने दमदार बल्लेबाजी की।

भारत ए ने पहले दिन तीन विकेट पर 409 रन बनाए थे, लेकिन दूसरे दिन भारत ए की पारी लंच के बाद ऑलआउट हो गई। भारत को दूसरे दिन चौथा झटका जुरेल के रूप में लगा जो शतक से चूक गए। जुरेल 120 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 94 रन बनाकर आउट हो गए। जुरेल और करुण के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई जिसे अजीत डाले ने तोड़ा। नीतीश कुमार रेड्डी प्रभावित नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हुए। करुण ने हालांकि शानदार बल्लेबाजी जारी रखी और 272 गेंदों पर दोहरा शतक पूरा किया।

## करुण के आउट होने के बाद लड़खड़ाई पारी

करुण नायर दोहरा शतक लगाकर आउट हो गए। करुण 281 गेंदों पर 26 चौकों और एक छक्के की मदद से 204 रन बनाकर आउट हुए। करुण के आउट होने के बाद शार्दुल ठाकुर भी 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। करुण के पवेलियन लौटने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारत ए ने लंच ब्रेक सात विकेट पर 533 रन बनाए थे। दूसरे सत्र में हालांकि, इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों ने वापसी की और भारत ए के शेष तीन विकेट जल्द गिरा दिए।

भारत ए के लिए हर्ष दुबे 32, अंशुल कंबोज 23 और हर्षित राणा 16 रन बनाकर आउट हुए, जबकि मुकेश कुमार खाता खोले बिना नाबाद लौटे। इससे पहले शुरूआती दिन भारत ए ने यशस्वी जायसवाल (24), कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (8) और सरफराज खान (92) के विकेट गंवाए थे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जोश हुल और जमां अख्तर ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि एडी जैक ने दो और अजीत डाले तथा रेहान अहमद को एक-एक विकेट मिला।

भारत ए ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 409 रन से पारी आगे बढ़ाई। करुण नायर 186 रन और ध्रुव जुरेल ने 82 रन से आगे खेलना शुरू किया। जुरेल तेजी से शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन ऐसा करने से चूक गए। वहीं, करुण ने दोहरा शतक लगाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। करुण की सात साल बाद भारत की सीनियर टीम में वापसी हुई है और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले उन्होंने अपना दम दिखाया है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से होगी।

# मुंबई इंडियंस क्वालिफायर-2 में पंजाब से भिड़ेगी; गुजरात टाइटंस का सफर खत्म

एजेंसी ● पटना

मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 20 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली टीम क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है। अब उसका सामना एक जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से होगा। शुक्रवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में गुजरात निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर सिर्फ 208 रन बना पाई। उनके लिए साई सुदर्शन ने 80 रन बनाए।



शुक्रवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में गुजरात निर्धारित ओवरों में छह विकेट खोकर सिर्फ 208 रन बना पाई। उनके लिए साई सुदर्शन ने 80 रन बनाए। 20 रन से जीतकर मुंबई इंडियंस क्वालिफायर-2 में पहुंच गई है।गुजरात की शुरूआत झटके के साथ हुई थी। कप्तान शुभमन गिल सिर्फ एक रन बना पाए। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद क्रीज पर आए कुसल मेंडिस हिट विकेट होकर पवेलियन लौट गए। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी निभाई। इसमें मेंडिस का 20 रनों का योगदान रहा। फिर सुदर्शन को वाशिंगटन सुंदर का साथ मिला। दोनों के बीच 44 गेंदों में 84 रनों की साझेदारी हुई। सुंदर ने 48 और सुदर्शन ने 80 रन बनाए। वहीं, रदरफोर्ड ने 24, शाहरुख खान ने 13 रन बनाए। राहुल तेवतिया 16 और राशिद खान खाता खोले बिना नाबाद रहे। मुंबई इंडियंस के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो विकेट लिए जबकि जसप्रीत बुमराह, रिचर्ड ग्लीसन, मिचेल सैंटनर और अश्विनी कुमार ने एक-एक विकेट झटके।

इससे पहले, रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने मुंबई को तेज शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने इस मैच में डेब्यू करने वाले बेयरस्टो को गेराल्ड कोएत्जी के हाथों कैच कराया। वह 22 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रोहित को सूर्यकुमार यादव का साथ मिला। दोनों ने 34 गेंदों में 59 रन जोड़े। इस दौरान सूर्यकुमार ने 20 गेंदों का सामना किया और 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

इस मैच में रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा उन्होंने आईपीएल में 300 छक्के भी पूरे कर लिए। वह आईपीएल में 300 छक्के का आंकड़ा छूने वाले पहले सक्रिय खिलाड़ी बन गए। अब उनके नाम 302* छक्के दर्ज हो गए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। हिटमैन ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंदों में 43 रन जोड़े। पूर्व कप्तान 50 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 81 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, तिलक 11 गेंदों में 25 और नमन धीर नौ रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक पांड्या नौ गेंदों में तीन छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि सैंटनर बिना खाता खोले नाबाद रहे। वहीं, गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने दो-दो विकेट झटके जबकि मोहम्मद सिराज को एक सफलता मिली।

# 'इंग्लैंड दौरा शुभमन के लिए कठिन परीक्षा', डिविलियर्स बोले- मुंबई-पंजाब में होगी जबरदस्त टक्कर

एजेंसी ● मुंबई



दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। मुंबई में उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई पहलुओं को लेकर बात की है। उन्होंने शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान बनने से लेकर भारत के इंग्लैंड दौरे और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर भी बातचीत की है। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें उम्मीद है रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इस साल चैंपियन बनेगी।आरसीबी के फाइनल में पहुंचने पर डिविलियर्स ने कहा- मुझे बहुत खुशी है कि बेंगलुरु की टीम फाइनल में पहुंच गई है। मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार रात जीत हासिल की। अब बहुत अच्छा क्वालिफायर 2 का मुकाबला होने जा रहा है (मुंबई और पंजाब के बीच)। मैं फाइनल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद है कि यह साल आरसीबी के लिए अच्छा रहेगा।'कोहली के टेस्ट से संन्यास पर डिविलियर्स ने कहा, 'उन्होंने अपने दिल की बात सुनी होगी। विराट ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। उन्होंने वर्षों तक दुनिया भर में क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और सौभाग्य से हम उन्हें अभी भी क्रिकेट के मैदान पर देखेंगे। टेस्ट मैचों में उनकी कमी खलेगी। उन्होंने लाल गेंद में एक महान विरासत छोड़ी है।'

## गिल के नए टेस्ट कप्तान बनने पर बोले डिविलियर्स

डिविलियर्स ने गिल को भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किए जाने पर कहा, 'अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी ले रहे हैं। भारत में काफी प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है। हमने इस साल वैभव सूर्यवंशी को देखा। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की और गिल की कड़ी परीक्षा होगी।'

मुंबई और पंजाब के बीच खेला जाएगा क्वालिफायर-दो

दरअसल, मुंबई ने शुक्रवार को एलिमिनेटर में गुजरात को 20 रन से हराकर क्वालिफायर-दो में जगह बनाई। अब एक जून को अहमदाबाद में क्वालिफायर-दो का मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, तीन जून को अहमदाबाद में ही फाइनल खेला जाएगा। आरसीबी की टीम ने क्वालिफायर एक में पंजाब को हराया था और सीधे फाइनल में एंट्री ली थी। वहीं, आईपीएल के खत्म होने के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड का दौरा करना है। वहां टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरूआत 20 जून से होने जा रही है। गिल एक युवा टीम इंडिया की अगुआई करेंगे।

# 'बाहुबली' सचिन यादव, जिसने एशियन चैंपियनशिप में भाला फेंक कर चीर दिया आसमान

**नई दिल्ली:** साउथ कोरिया के गुमी में जारी एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के युवा भाला फेंक एथलीट सचिन यादव ने धमाल मचा दिया। सचिन यादव ने इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सचिन से पहले इस खेल में बाहुबली और गोल्डन आर्म के नाम से मशहूर नीरज चोपड़ा ही चर्चा होती रही है, लेकिन अब भारत को दूसरा नीरज चोपड़ा मिल गया है। एशियन चैंपियनशिप के इस इवेंट में सचिन यादव ने 85.16 मीटर दूर भाला फेंक कर दूसरे स्थान पर रहे। वहीं पाकिस्तान अरशद नदीम ने 86.40 मीटर की दूरी हासिल कर पहले स्थान पर रहे और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बता दें कि सचिन यादव ने एशियन चैंपियनशिप में अपना बेस्ट थ्रो फेंका है। इसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे यश वीर सिंह पांचवें स्थान पर रहे। उन्होंने 82.57 मीटर का थ्रो किया। यश वीर का भी यह उनका उनका पर्सनल। बेस्ट था। ऐसे में आइए जानते हैं कौन हैं नीरज चोपड़ा के जैसे भारत के दूसरे बाहुबली भालाफेंक सचिन यादव।सचिन यादव उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले हैं। सचिन पहली बार तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 73वीं ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 84.21 मीटर का दूर भाला फेंक कर अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड किया था। सचिन यादव ने इस चैंपियनशिप में 30 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ा था।



बेलारूस की आर्यना सबालेंका पेरिस के रोलाण्ड-गैरोस स्टेडियम में फ्रेंच टेनिस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच के खिलाफ शॉट खेलती हुई।

# विंस मैकमोहन करेंगे दमदार कमबैक

**नई दिल्ली:** डब्ल्यूडब्ल्यूई के पूर्व हेड राइटर विंस रूसो का मानना है कि विंस मैकमैहन अपना नया बिजनेस शुरू कर सकते हैं। रूसो के अनुसार, मैकमोहन सार्वजनिक कार्यक्रमों में इसलिए दिख रहे हैं क्योंकि वे मनोरंजन की दुनिया में वापसी करना चाहते हैं। वे देखना चाहते हैं कि लोग उन्हें कैसे स्वीकार करते हैं। पूर्व हहए कर्मचारी जेनेल ग्रांट द्वारा दायर मुकदमे के बाद मैकमोहन ने ळड्ड में अपने पद छोड़ दिए थे। रूसो ने कहा कि मैकमोहन घर पर बैठकर पेंटिंग करने वाले आदमी नहीं हैं। वे मुकदमे के खत्म होने और फिर से बिजनेस में आने का इंतजार कर रहे हैं।

**रूसो ने कही ये बात-** विंस रूसो ने मैकमोहन के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। रूसो को लगता है कि मैकमोहन लोगों की प्रतिक्रिया देखने के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों में जा रहे हैं। वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि लोग उन्हें वापस स्वीकार करेंगे या नहीं। रूसो ने कहा, 'सबसे पहले, मुझे लगता है कि वे निश्चित रूप से अपना बिजनेस शुरू कर रहे हैं। क्योंकि अगर वे ऐसा नहीं कर रहे होते, तो वे सुपर बाउल या निक्स के खेलों में नहीं जाते। वे तब तक छिप जाते जब तक यह मामला शांत नहीं हो जाता। मुझे लगता है कि सुपर बाउल और निक्स के खेलों में जाने का उनका मकसद लोगों की प्रतिक्रिया देखना है।' रूसो ने यह भी कहा कि मैकमोहन ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो घर पर बैठकर रिटायरमेंट का आनंद लेंगे। उन्हें लगता है कि 79 वर्षीय मैकमोहन मुकदमे के खत्म होने और फिर से बिजनेस में आने का इंतजार कर रहे हैं। रूसो ने कहा, 'लेकिन आप सही हैं, मैक, विंस एक अरबपति हैं। आपको क्या लगता है? क्या वह घर पर बैठकर पेंटिंग करेंगे? विंस मैकमोहन ऐसे नहीं हैं।

# मुंबई की जीत के बाद खुश हैं कोच महेला जयवर्धने, दबाव में खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का कारण बताया

एजेंसी ● मुल्लांपुर

आईपीएल 2025 में एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस की टीम ने जीत हासिल की और क्वालिफायर दो की ओर कदम बढ़ाया है। अब एक जून को मुंबई का सामना पंजाब किंग्स से होगा। इस मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालिफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है।उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'जब आपके पास जीतने की संस्कृति होती है, तो उसी चीज को आगे बढ़ाने की कोशिश करना आसान होता है। यहां तक कि जब आपको नई टीम मिलती है तब भी हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी होते हैं जो काफी अनुभव रखते हैं।' जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा, 'इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं।'



उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं और वे टीम में शामिल होने वाले युवाओं में भी यही भावना भरने की कोशिश करते हैं। जयवर्धने ने कहा, 'जीत की मानसिकता सीनियर खिलाड़ियों और चैंपियन टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों से आती है। इससे उन्हें मदद मिलती है और मेरा काम नए खिलाड़ियों को उस संस्कृति में ढालना होता है।' श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने कहा, 'नीलामी के बाद हमारी टीम में कुछ नए खिलाड़ी जुड़े थे। हमने उन्हें टीम संस्कृति से अवगत कराया और उन्हें बताया कि हम किस तरह से काम करते हैं और कैसे आगे बढ़ते हैं।'

# वनडे मैचों में गेंद के नियम में बदलाव कर सकता है आईसीसी

एजेंसी ● नई दिल्ली

क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी प्लेइंग कंडीशन्स में कुछ बदलाव कर सकता है। इसमें वनडे मैचों में एक गेंद के नियम से लेकर कन्कशन सब्स्टीट्यूट में परिवर्तन तक शामिल हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल के शुरू में टी20 सीरीज के दौरान कन्कशन सब्स्टीट्यूट के इस्तेमाल को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद आईसीसी ने इस नियम में कुछ संशोधन करने का फैसला लिया है।

विजडन की रिपोर्ट के अनुसार, टीमों को मैच शुरू होने से पहले रैफरी को ऐसे पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी जो कन्कशन सब्स्टीट्यूट होंगे। इस सूची में विकेटकीपर, बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, स्पिनर और ऑलआउटरंडर की भूमिका से एक खिलाड़ी होगा। अगर ऐसी स्थिति आती है कि जिस खिलाड़ी को कन्कशन सब्स्टीट्यूट चुना गया है वो भी कन्कशन का शिकार हो जाता है तो मैच रैफरी को सूची के बाहर किसी खिलाड़ी को उसका रिप्लेसमेंट चुनना होगा। हालांकि, रिप्लेसमेंट चुनते वक्त यह ध्यान रखना होगा कि ये लाइक फॉर लाइक सब्स्टीट्यूट हो।

यानी अगर कोई तेज गेंदबाज कन्कशन के कारण बाहर हो रहा है तो उसकी जगह कोई तेज गेंदबाज ही मैदान पर आए। भारत और इंग्लैंड के बीच इस साल चौथे टी20 मैच के दौरान भारत ने शिवम दुबे की जगह कन्कशन सबस्टीट्यूट के रूप में हर्षित राणा को उतारा था। शिवम गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं जिन्होंने 89 टी20 मैचों में 72.4 ओवर गेंदबाजी की है और उनकी जगह हर्षित को उतारने पर विवाद हुआ था क्योंकि हर्षित विशेषज्ञ तेज गेंदबाज हैं। हर्षित ने उस मैच में तीन विकेट लिए थे। इस फैसले ने यह चर्चा शुरू कर दी थी कि क्या भारत को इससे फायदा पहुंचा। मौजूदा नियम के अनुसार, कन्कशन सब्स्टीट्यूट लाइक फॉर लाइक रिप्लेसमेंट हो सकता है जिसमें मैच रैफरी सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी को मंजूरी देते समय चोटिल खिलाड़ी की शेष खेल में भूमिका को ध्यान में रखता है।



तैयारी... इजरायल डिफेंस फोर्स में नए सैनिकों की भर्ती के बाद सैनिकों का एक दल डेड सी की पहाडि़यों पर चढ़ाई कर सैन्य अभ्यास करता हुआ।

## शॉट न्यूज

### नाइजीरिया में बाढ़ से 3 दिन में 117 की मौत

**नाइजीरिया।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य में भारी बाढ़ की वजह से तीन दिन में हजारों घर तबाह हो गए और कम से कम 117 लोगों की मौत हो गई है। कई अन्य अभी भी लापता हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन टीम मदद के काम में जुटी है। नाइजर राज्य की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से 3 हजार से ज्यादा घर डूब गए। इलाके में मौजूद बांध टूटने से हालात और खराब हो गए। नाइजीरिया में नाइजर और बेन्यू नदियों के किनारे बसे इलाकों में अक्सर बरसात के मौसम में बाढ़ आती है। पिछले साल सितंबर में भी नाइजीरिया के मेदुगुरी में भारी बारिश और बांध टूटने से बाढ़ आई थी, जिसमें 30 लोग मारे गए थे और लाखों लोग बेघर हो गए थे।

### सिगरेट पीने पर रोक लगाएगा फ्रांस

**नई दिल्ली।** फ्रांस में सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान को प्रतिबंधित किया जाएगा। हाल ही में फ्रांस की स्वास्थ्य और परिवार मंत्री कैथरीन वौट्रिन ने कहा है कि फ्रांस भावी पीढ़ी की सुरक्षा के लिए भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सिगरेट पीने पर बैन लगाने जा रहा है। इन जगहों में बस स्टॉप, पार्क, समुद्री तट, रेस्तरां और स्कूल के आस-पास वाले इलाके शामिल हैं। कैथरीन वौट्रिन ने गुरुवार को ऑएस्ट फ्रांस अखबार को दिए एक साक्षात्कार में कहा है कि प्रतिबंध जुलाई से लागू होने जा रहे हैं। इससे पहले बीते साल ब्रिटेन ने भी धूम्रपान पर इस तरह के प्रतिबंध लगाए थे। फ्रांस की स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि जहां भी बच्चे हैं वहां सिगरेट का इस्तेमाल कतई नहीं किया जाना चाहिए।

### पहले नीयत तो दिखाओ, फिर से बातचीत को तैयार

**कीव।** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के एक शीर्ष सलाहकार ने बताया कि यूक्रेन सोमवार को इस्तांबुल में रूस के साथ प्रत्यक्ष शांति वार्ता फिर शुरू करने के लिए तैयार है। रूस द्वारा प्रस्तावित बैठक में यूक्रेन के भाग लेने की संभावना पर अनिश्चितता बनी रहने के कुछ दिनों बाद शीर्ष सलाहकार आंद्रेई यरमक का यह बयान आया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि जोर देकर कहा कि दोनों प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए बैठें, इससे पहले क्रेमलिन तीन वर्ष से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने पर अपना रुख जाहिर करे। आंद्रेई यरमक ने एक बयान में कहा, "यूक्रेन अगली बैठक में भाग लेने के लिए तैयार है, लेकिन हम सार्थक चर्चा में शामिल होना चाहते हैं।" यरमक ने कहा, "इसका मतलब यह है कि रूस से मसौदा प्राप्त करना बहुत जरूरी है।

इंडिगो को केन्द्र सरकार का निर्देश

# तुर्की एयरलाइंस के साथ विमान लीज समझौता करो खत्म

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

**विवाद**

देश की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो को भारत सरकार ने तुर्की एयरलाइंस के साथ अपने विमान लीज समझौते को समाप्त करने का निर्देश दिया है। यह निर्णय भारत और तुर्की के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बीच लिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान की मदद की थी। जिसके बाद, भारत ये सख्त कदम उठा रहा है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो को तुर्की एयरलाइंस से लिए गए दो बोइंग 777-300ईआर विमानों के लिए 'वेट लीज समझौते' को केवल तीन महीने के लिए बढ़ाने की अनुमति दी है, लेकिन इसके साथ शर्त रखी गई है कि इस अवधि के बाद इंडिगो इस समझौते को समाप्त कर देगा और भविष्य में इसके लिए और विस्तार नहीं मांगेगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उड़ान में अचानक व्यवधान से बचने के लिए तीन महीने का समय गिया गया, जिससे यात्रियों को असुविधा हो सकती थी। यह लीज 31 मई को खत्म हो रही थी। 'डंप लीज' के तहत टर्किश एयरलाइंस विमान, पायलट तथा रखरखाव की सुविधा दे रही है, जबकि चालक दल के अन्य सदस्य इंडिगो के हैं। सूत्रों ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दोनों विमानों का पट्टा तीन महीने बढ़ाकर 31 अगस्त तक कर दिया है। एयरलाइन ने छह महीने के विस्तार का अनुरोध किया था।




### सभी नियमों का पालन करेंगे: इंडिगो सीईओ


इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि टर्किश एयरलाइंस के विमानों के 'वेट लीजिंग' पर सरकार के सभी नियम का पालन करेंगे। 'वेट लीजिंग' में विमान देने वाली कंपनी ही चालक दल, रखरखाव और बीमा का इंतजाम करती है। पिछले हफ्ते नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा था कि मंत्रालय टर्किश एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए विमानों के उपयोग पर इंडिगो और सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श कर रहा है और इस बारे में आगे फैसला किया जाएगा। एल्बर्स ने बताया, "भारत और तुर्की के बीच उड़ानें द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते के तहत संचालित होती हैं। हम आज अनुपालन कर रहे हैं और हम आगे भी सरकार के सभी नियमों का पालन करते रखेंगे।" विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने 15 मई को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में तुर्की की कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। एल्बर्स ने कहा कि भारतीय विमानन बाजार दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी बाजारों में से एक है और इंडिगो के लिए लागत नेतृत्व बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

## भारत-पाक में न्यूक्लियर-वॉर हो सकती थी, हमने रोकी : ट्रम्प

**व्यापार खत्म करने की बात कही, वहां के नेता समझदार हैं, मान गए**

**वॉशिंगटन डीसी ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच लड़ाई रोकने का दावा किया। व्हाइट हाउस में अरबपति कारोबारी इलॉन मस्क के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान की लड़ाई न्यूक्लियर तबाही में बदल सकती थी। उन्होंने कहा मैं भारत और पाकिस्तान के नेताओं का और अपनी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। हमने व्यापार की भी बात की और कहा कि हम उन देशों से व्यापार नहीं कर सकते जो एक-दूसरे पर गोली चला रहे हैं और जिनके बीच परमाणु युद्ध का खतरा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वहां के नेता समझदार हैं, उन्होंने हमारी बात मानी और लड़ाई रोक दी। ये प्रेस कॉन्फ्रेंस ट्रम्प और मस्क ने संयुक्त रूप से की थी। दरअसल, मस्क ने ट्रम्प प्रशासन से इस्तीफा दे दिया है। इसी को लेकर दोनों ने मीडिया के सवालों का जवाब दिया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने मस्क की तारीफ की और उन्हें शानदार दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि हम आपको याद रखेंगे। ट्रम्प ने कहा कि मस्क सरकार के काम करने के तरीके में बहुत बड़ा बदलाव लाए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मस्क ने बिना थके मेहनत की है, ताकि अब तक के सबसे बड़े और अहम सरकारी सुधार कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा सके। मस्क असल में नहीं जा रहे हैं। मुझे लगता है कि वे आगे-पीछे रहेंगे। डीओजीई उनका बच्चा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि पाकिस्तान के अधिकारी अगले हफ्ते अमेरिका आ रहे हैं। इस दौरान दोनों देशों के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत होगी। अमेरिका ने पिछले महीने कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। डोनाल्ड ट्रम्प ने उन देशों पर टैरिफ लगा दिया है जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। इसका मकसद अमेरिकी उद्योगों को संरक्षण देना और व्यापार संतुलन को ठीक करना है। ऐसे में पाकिस्तान को अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर लगभग 29% टैरिफ चुकाना पड़ सकता है।

## चीन ने अंतरराष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए नया संगठन बनाया

**बीजिंग ● एजेंसी**

चीन ने अंतरराष्ट्रीय विवाद सुलझाने के लिए एक नया संगठन बनाया है। इसका नाम इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर मिडिएशन (आईओएमईडी) है। इसे इंटरनेशनल कोर्ट (आईसीजे) और परमानेंट कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन जैसे संस्थानों के विकल्प के तौर पर पेश किया गया है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने आईओएमईडी को मध्यस्थता के जरिए अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने वाला दुनिया का पहला 'सरकारों के बीच का कानूनी संगठन' (इंटर-गवर्नमेंटल कानूनी संगठन) बताया। हॉन्गकॉन्ग में आयोजित एक हाई लेवल समारोह में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने आईओएमईडी की स्थापना के समझौते को औपचारिक रूप दिया। इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बेलारूस, क्यूबा और कंबोडिया उन 30 से देशों में शामिल थे, जो चीन के साथ इस संगठन के संस्थापक सदस्य बने। लगभग 50 देशों और संयुक्त राष्ट्र समेत 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी समारोह में मौजूद थे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन दुनिया के मुद्दों को बातचीत और समझदारी से हल करना चाहता है, लड़ाई-झगड़े से नहीं। उन्होंने कहा- IOMed की स्थापना 'तुम हारो, मैं जीतूं' की सोच को पीछे छोड़ने में मदद करेगी। इसका मकसद देशों के बीच और दूसरे देश के नागरिकों के बीच, या अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संगठनों के बीच विवादों को हल करना है। यह सिर्फ मध्यस्थता के जरिए अंतरराष्ट्रीय विवादों को सुलझाने के लिए बनाया गया है।



पाकिस्तान-तालिबान में सीमा विवाद को लेकर भिड़ंत

# ढाई लाख लोगों को घर छोड़ने का आदेश, पाक का चेकपोस्ट उड़ाया

**काबुल/इस्लामाबाद ● एजेंसी**

**भिड़ंत**

अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में स्थित बहराम चह, जो पाकिस्तान के चगई जिले से सटा एक सीमावर्ती कस्बा है, फिर सशस्त्र संघर्ष का केंद्र बन गया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और तालिबान के बीच तीन फरवरी से शुरू हुई झड़पें अब तेज हो चुकी हैं। हालिया विवाद तब शुरू हुआ, जब तालिबान ने अपनी सीमा को सुरक्षित करने के लिए नई चौकी बनाने की कोशिश की। इसे पाकिस्तानी बलों ने समझौते का उल्लंघन बताते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में, तालिबान ने पाकिस्तान के चेकपोस्ट पर हमला बोला। मोर्टार दागने से चेकपोस्ट ध्वस्त हो गया। इस बढ़ते संघर्ष के चलते चगई जिले के ढाई लाख से ज्यादा लोगों को पाक की शहबाज सरकार ने तत्काल घर छोड़ने का आदेश दिया है। तालिबान ने भी अपने नागरिकों को क्षेत्र खाली करने को कहा है। इस स्थिति ने पहले से ही कटु पाक-अफगान संबंधों को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया है।



बहराम चह चेकपोस्ट डुरंड रेखा पर स्थित है। यह नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों की आवाजाही और विद्रोही गतिविधियों के लिए एक अहम गलियारा माना जाता है। इसके अलावा यह चगई और हेलमंद के बीच सैन्य गतिविधियों को भी नियंत्रित करता है। पाकिस्तानी सेना के लिए इसका नष्ट होना संकट पैदा कर सकता है।

### तालिबान ने आत्मघाती दस्ता और पाक ने फ्रंटियर कोर तैनात की

अफगानिस्तान और तालिबान दोनों ने अब सैन्य तैयारियों को तेज कर दिया है। तालिबान ने कंधार की 205वीं कोर को तैनात किया है, जिसमें 50 आत्मघाती हमलावरों का दस्ता भी शामिल है। ये दस्ते पाकिस्तानी बलों पर हमले के लिए तैयार हैं, जिससे स्थिति और खतरनाक हो गई है। पाकिस्तान ने भी तालिबान के टक्कर देने के लिए अपनी सीमा पर फ्रंटियर कोर बलूचिस्तान को मजबूत किया और टैंक तैनात किए हैं। आम लोग डर के साये में जी रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पाकिस्तानी सेना का सीमा छोड़कर पीछे हटना है। पाकिस्तान प्रशासन ने स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया है, और अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्थानीय अपनी सुरक्षा के लिए बम शेल्टर की तलाश कर रहे हैं। यह स्थिति 2023 के डेरा इस्माइल खान आत्मघाती हमले की पुनरावृत्ति जैसी लग रही है, जब तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने सेना को निशाना बनाया था।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)